दैनिक समाचार पत्र
# देश का दर्पण न्यूज
राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित
वर्ष-5, अंक:150 | जयपुर, सोमवार, 11 अगस्त 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

देश का Darpan News TV
FW FASTWAY
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें
अब आपके मोबाइल पर डिजिटल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समाचार भेजे

## आपदा से प्रभावित परिवारों को अगले 6 महीने का राशन उपलब्ध कराएगी राज्य सरकार - सीएम पुष्कर धामी

**एजेंसी**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धराली रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने की है। खराब मौसम के बावजूद अब तक 1000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा चुका है, जिसमें स्थानीय लोगों के साथ देश भर से आए तीर्थयात्री भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घायलों को जिला अस्पताल, एम्स में भर्ती किया गया है। सभी को अच्छा इलाज मिले, इसकी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि हर्षिल व धराली क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में दवा, दूध, राशन, कपड़े पहुंचाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर्षिल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के लिए उरेडा का पावर हाउस चालू किया गया है। यूपीसीएल द्वारा बिजली तारों की मरम्मत की जा रही है। मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा को बहाल करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही 125 केवी के दो जनरेटर सेट भी आपदा क्षेत्र में पहुंच गए हैं। हर्षिल क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविटी को ठीक किया जा रहा है। गंगनानी में बेली ब्रिज का निर्माण तेजी से हो रहा है। भूस्खलन की चपेट में आई सड़कों को भी जल्द ठीक कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार तक हर्षिल तक सड़क मार्ग को पूरी तरह ठीक करने की संभावना है, जिसके बाद अन्य कामों को भी तेजी से पूरा किया जा



सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के स्तर से प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवारों को अगले 6 महीने का राशन राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। आपदा से जिन लोगों के मकान पूर्णतः क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए हैं, उनके पुनर्वास या विस्थापन के लिए 5 लाख रुपए की तत्काल सहायता राशि जारी की जाएगी। सीएम धामी ने आगे कहा कि ग्राम वासियों के पुनर्वास के लिए सचिव, राजस्व की अध्यक्षता में एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जो प्रभावित हुए लोगों के पुनर्वास, विस्थापन एवं हानि का आकलन करेगी। उन्होंने कहा कि आपदा से सेब के बगीचों को हुए नुकसान का भी आकलन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि धराली के साथ ही प्रदेश के अन्य स्थानों में भी आपदा से तबाही हुई है। उन्होंने कहा कि पौड़ी के सैंजी और बांकुड़ा गांव में भी जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें भी राज्य सरकार की ओर से 5 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जहां भी आपदा से हानि हुई है, उन्हें सरकार द्वारा हर संभव मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य सरकार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उनके ही नेतृत्व में केंद्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन के लिए विशेष समिति गठित

### सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व हाईकोर्ट जज को सौंपी जिम्मेदारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर के रोजमर्रा के कामकाज और पर्यवेक्षण के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस अशोक कुमार की अध्यक्षता एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया। यह समिति तब तक मंदिर प्रबंधन का कामकाज देखेगी, जब तक यूपी सरकार के अध्यादेश मुद्दे पर इलाहाबाद हाईकोर्ट अपना फैसला नहीं सुना देता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह समिति मंदिर के सुचारू संचालन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर काम करेगी, जिनमें स्वच्छ पेयजल, कार्यशील शौचालय, पर्याप्त आश्रय और बैठने की व्यवस्था, भीड़ के आवागमन के लिए समर्पित गलियारे, तथा बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं शामिल होंगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि उच्चाधिकार प्राप्त समिति श्रीबांके बिहारी मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्र के समग्र विकास की योजना बनाने का प्रयास करेगी। पीठ ने कहा कि इसके लिए वे जरूरी भूमि की उपयुक्त खरीद के लिए निजी तौर पर बातचीत कर सकती है। यदि ऐसी कोई बातचीत नहीं होती है, तो राज्य सरकार को कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण के लिए आगे बढ़ने का निर्देश दिया जाता है। शीर्ष अदालत ने फैसले में यह भी स्पष्ट किया कि गोस्वामियों का प्रतिनिधित्व करने वाली समिति के 4 सदस्यों के अलावा, किसी अन्य गोस्वामी या सेवायत को मंदिर प्रबंधन में हस्तक्षेप की अनुमति नहीं है।

### समिति में ये होंगे सदस्य

सुप्रीम कोर्ट के लिखित आदेश में कहा है कि जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर अपना फैसला नहीं सुनाता, तब तक शीर्ष अदालत की तरफ से गठित कमेटी मंदिर की पूरी जिम्मेदारी संभालेगी। समिति में बांके बिहारी मंदिर का प्रबंधन देखने के लिए गठित समिति में अध्यक्ष के अलावा समिति में 12 अन्य सदस्य भी शामिल होंगे। हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस अशोक कुमार की अध्यक्षता वाली समिति में यूपी के रिटायर्ड जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुकेश मिश्रा, मथुरा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिविल जज, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, एक प्रसिद्ध वास्तुकार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का एक प्रतिनिधि और दोनों गोस्वामी समूहों से दो-दो सदस्य शामिल हैं।

## मोकामा के बाहुबली अनंत सिंह ने की मुख्यमंत्री नीतीश से मुलाकात

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में पटना जिले के मोकामा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह ने शाम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की, जिससे यह अटकलें तेज हो गईं कि वह आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जनता दल (यूनाइटेड) (जदयू) का टिकट मांगने के लिए यहां आए थे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक अनंत सिंह क ी15 मिनट की यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण रही और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सिंह का हालचाल भी पूछा। बताया जाता है कि बातचीत के दौरान,



अनंत सिंह ने जनता दल (यूनाइटेड) के टिकट पर मोकामा विधानसभा क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त की और नीतीश कुमार का आशीर्वाद और समर्थन मांगा। अनंत सिंह, जिन्हें हाल ही में पटना उच्च न्यायालय से जमानत मिली थी, लगभग 15 मिनट तक मुख्यमंत्री आवास पर रहे। जाते समय उन्होंने मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया और सीधे अपने घर चले गए। यह मुलाकात एक अन्य प्रमुख नेता आनंद मोहन, उनकी पत्नी लवली आनंद और बेटे चेतन आनंद के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के तुरंत बाद हुई है। एम्स में उनके इलाज को लेकर उठे विवाद के बाद चेतन आनंद की मुख्यमंत्री से यह पहली मुलाकात थी।

## शिक्षित और संस्कारित पीढ़ी देती है समाज को नई दिशा-बिरला

**एजेंसी**

**कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बेटा-बेटी सभी को शिक्षा देना समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार बताते हुए कहा है कि शिक्षित और संस्कारित पीढ़ी ही समाज का नेतृत्व और विकास की नई दिशा तय कर सकती है। श्री बिरला यहां विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वीर कोटिया भील की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आदिवासी समाज के अमूल्य योगदान को नमन किया और इस मौके कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने आग्रह किया कि परंपरा और आधुनिकता के संतुलन के साथ एकजुट रहकर समाज को नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ाएं। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा सहित उन सभी वीर आदिवासी महापुरुषों को याद किया, जिन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ-साथ देश की संस्कृति, परंपराओं और स्वतंत्रता



आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस उन सभी आदिवासी भाइयों-बहनों के साहस और बलिदान को स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी प्रकृति और संस्कृति की रक्षा की। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व, संघर्ष और त्याग को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। श्री बिरला ने कोटिया भील के संघर्ष, सेवा और बलिदान को भी श्रद्धापूर्वक याद किया। उन्होंने कहा कि कोटिया भील ने आदिवासी समाज के आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और अधिकारों की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका जीवन-चरित्र नई पीढ़ी को त्याग और समर्पण की राह दिखाता है। इस दौरान आदिवासी बहनों ने श्री बिरला को राखी बांधी और उन्होंने उन्हें रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे।

## पंजाब पुलिस ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात किया एंटी ड्रोन सिस्टम

**चंडीगढ।** अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एंटी-ड्रोन प्रणाली (एडीएस) को तैनात करने वाला पंजाब देश का पहला राज्य बन गया है। शनिवार को सीमा पार से नशे की तस्करी रोकने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल



ने 'बाज आंख' एंटी-ड्रोन प्रणाली (एडीएस) वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मान ने कहा कि पठानकोट से फाजिल्का तक सीमा पर दूसरी सुरक्षा पंक्ति के रूप में यह एंटी-ड्रोन प्रणाली तैनात की जाएगी। मीडिया से बातचीत में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस पहल से नशे के खिलाफ मुहिम में एक और अध्याय जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की नशा तस्करों से मिलीभगत के कारण यह अभिशाप राज्य में फैल गया था। 'आप' सरकार ने नशे के खिलाफ बड़ी जंग छेड़ी है और इस कारोबार में शामिल बड़े अपराधियों को सलाखों के पीछे डाला गया है। उन्होंने कहा कि सीमा पार से पंजाब में नशे की सप्लाई की जा रही है और उन्हें रोकने के लिए यह एंटी-ड्रोन प्रणाली शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि पंजाब को इस लानत से मुक्त करने के लिए तीन एंटी-ड्रोन प्रणालियां शुरू की गई हैं और छह और जल्द शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पाकिस्तान से पंजाब की 553 किलोमीटर सीमा लगती है, जिसे नशा और हथियारों की तस्करी के लिए सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक माना जाता है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और ड्रोन-आधारित तस्करी से पैदा हुई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नौ एंटी-ड्रोन यूनिट स्थापित किए जा रहे हैं।

## सेना पर सवाल उठाने वालों को शर्म आनी चाहिए : हिमंत बिस्व सरमा

### वायुसेना प्रमुख के बयान के बाद हिमंत का कांग्रेस पर वार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के बयान के बाद कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर एयर चीफ मार्शल की टिप्पणी कांग्रेस के लिए शर्मनाक है, क्योंकि पार्टी ने पाकिस्तान समर्थित नैरेटिव को आगे बढ़ाया और हमारी सेनाओं की बहादुरी को कमतर बताया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा



कि कांग्रेस को अपने सिर पर शर्म का बोझ महसूस करना चाहिए। सरमा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने भारत के नुकसान को लेकर झूठ फैलाए, जबकि अब हमारे पास दुश्मन को हुए नुकसान के ठोस और प्रमाणित सबूत हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पाकिस्तानी स्रोत से निकली एक और अफवाह फैलाई कि मोदी सरकार ने सेना की परिचालन क्षमता पर प्रतिबंध लगाए, जिसे अब पूरी तरह खारिज कर दिया गया है।

**वायुसेना प्रमुख के बयान को बताया सबूत**

सरमा ने वायुसेना प्रमुख के बयान को सबूत मानते हुए कहा कि यह साबित करता है कि मोदी सरकार ने सेना की ताकत को सीमित नहीं किया, बल्कि उसे मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने दुष्प्रचार के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि हमारे सशस्त्र बलों के साहस को कमतर आंकना देशहित के खिलाफ है।

## धराली आपदा: चार दिनों में कुल 1126 लोग सुरक्षित रेस्क्यू

### चार दिनों में विभिन्न हेलीकॉप्टरों का कुल 257 सार्टी

**एजेंसी**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद के धराली में आई प्राकृतिक आपदा में प्रभावित क्षेत्रों से चार दिनों में कुल 1126 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। हर्षिल घाटी में खाद्य सामग्री की किल्लत न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जल पुलिस को सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए नाव और धराली में हर दिन दो हजार लीटर डीजल भेजा जाएगा। सचिव गृह शैलश बगौली शाम करीब 07 बजे राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे और उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्या से दिनभर के रेस्क्यू अभियान का अपडेट लिया। हर्षिल और धराली में डीजल की किल्लत न हो, इसके लिए सचिव गृह ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अपर आयुक्त पीएस पांगती को



हर दिन 2000 हजार लीटर डीजल भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने 20 से 25 रसोई गैस के सिलेण्डर भी हर्षिल और धराली में भेजने को कहा। शैलेश बगौली ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर्षिल घाटी में खाद्य सामग्री की किल्लत न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जब तक सड़कें बहाल नहीं होती तब तक घोड़े और खच्चरों के जरिये आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने बीआरओ के अनुरोध पर धराली में जल पुलिस को सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए जल्द से जल्द नाव भेजने के निर्देश दिए। सचिव गृह ने बताया कि युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य संचालित किए गए। कुल 480 लोगों को हर्षिल और नेलांग से लाकर जौलीग्रांट, मातली और चिन्यालीसौंड से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

## सीतारमण श्रीकृष्ण मठ में 'भारत लक्ष्मी' उपाधि से सम्मानित

### मानव सेवा ही ईश्वर सेवा- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उडुपी के श्री कृष्ण मठ में पर्याय पुत्तिगे मठ के सुगुणेन्द्र तीर्थ स्वामी ने 'भारत लक्ष्मी' की उपाधि प्रदान की। सीतारमण मंदिर नगरी उडुपी इसलिए आई थीं, ताकि मठ के चारों ओर बने 'याली' (पारंपरिक शैली के विशेष ढांचे) का उद्घाटन कर सकें। सुगुणेन्द्र तीर्थ स्वामी ने सम्मान पत्र पढ़ते हुए सीतारमण की 'ईमानदारी और समर्पण' की प्रशंसा की, जो उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में दिखाया है। इस सम्मान को पाकर भावुक हुईं सीतारमण ने याद किया कि वह पहली बार 2005 में उडुपी आई थीं, तब उन्हें एक कृष्ण प्रतिमा मिली थी, जिसकी वह आज भी पूजा करती हैं।




उन्होंने 'अष्ट मठों' की 'सेवा की संस्कृति' की सराहना की और हर दिन हजारों भक्तों को भोजन कराए जाने की 'अन्नब्रह्म' परंपरा को 'भक्ति और समर्पण' का प्रतीक बताया। उन्होंने पुत्तिगे स्वामी द्वारा चलाए जा रहे 'कोटि गीता लेखना यज्ञ' की भी सराहना की, जिसमें एक करोड़ हाथ से लिखी गई भगवद गीता की प्रतियां एकत्र की जा रही हैं। उन्होंने इसे भगवान श्रीकृष्ण के संदेश को पूरे विश्व में फैलाने का अद्भुत प्रयास बताया। उन्होंने कहा, मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। साथ ही उन्होंने यह भी प्रार्थना की, भगवान कृष्ण हमारे देश, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सभी लोगों को आशीर्वाद दें। इस अवसर पर अदमार मठ के विश्वप्रिय तीर्थ स्वामी भी मौजूद थे। कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश कुमार को भी इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

## मप्र के सागर जिले की बेबस नदी में डूबे चार युवकों की मौत, सभी के शव बरामद

**एजेंसी**

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिला स्थित ग्राम सानौधा में पिकनिक मनाने पहुंचे चार दोस्तों की बेबस नदी में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। चारों दोस्त एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में खुद भी पानी में समा गए। चारों के शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने शवों पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। सानौधा थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने बताया कि सागर के मोतीनगर क्षेत्र के रहने वाले पांच युवक बेबस नदी के रिछावर घाट पर पिकनिक मनाने पहुंचे थे। इस दौरान चार दोस्त नहाने के लिए पानी में



उतरे थे। वे नहाते समय गहरे पानी में चले और डूब गए। एक युवक घाट पर खड़ा था। उसने घटना की सूचना गांव वालों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्चिंग शुरू करवाई। वहीं एसडीईआरएफ की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाती रही, लेकिन अंधेरा और मुश्किल हालात के चलते रात में तलाशी अभियान रोकना पड़ा। नायब तहसीलदार बहादुर सिंह ने बताया कि सुबह फिर सर्चिंग अभियान शुरू किया गया और दोपहर तक नदी में डूबे चारों युवकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। चार युवकों में तीन युवक खुशीपुरा और एक रिछावर गांव का रहने वाला था। सभी की उम्र 22 से 25 साल की है। अभिषेक पुत्र सुनील अहिरवार भी घाट पर ही खड़ा था, जो सुरक्षित है, जबकि नदी में डूबे चारों युवक सनी पुत्र रमेश अहिरवार राज पुत्र साहब अहिरवार और सुमित फूलचंद अहिरवार तीनों निवासी खुशीपुरा, मोतीनगर तथा निखिल पुत्र महेंद्र अहिरवार, निवासी रिछावर की मौत हो गई है।

## नागपुर के कोराड़ी देवी मंदिर हादसे में 17 घायल

### निर्माणाधीन ढांचा गिरने से मलबे में फंसे कई मजदूर

**एजेंसी**

**नागपुर।** नागपुर के कोराड़ी देवी मंदिर परिसर में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। मंदिर के निर्माणाधीन गेट का हिस्सा अचानक ढहने से 17 मजदूर घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों का कहना है कि मलबा हटाने का काम जारी है और घटना की जांच की जा रही है। यह हादसा नागपुर के खापरखेड़ा से कोराड़ी मंदिर मार्ग पर तब हुआ, जब मंदिर के मुख्य द्वार का निर्माण कार्य



चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मजदूर ढांचे के नीचे काम कर रहे थे, तभी अचानक तेज कंपन के बाद पूरी संरचना गिर पड़ी। घटना के समय करीब 20 लोग काम पर थे, जिनमें से 17 घायल हो गए। गेट का गिरना इतना तेज और अचानक था कि मजदूरों को संभलने का समय नहीं मिला।

### जांच और शुरुआती कारण

अधिकारियों का कहना है कि हादसा संभवतः निर्माण कार्य के दौरान इस्तेमाल होने वाले उपकरणों के कंपन की वजह से हुआ। इससे ढांचे की स्थिरता कमजोर हुई और पूरी संरचना एक साथ गिर पड़ी। घटना के कारणों की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मलबा करीब 4-5 फुट ऊंचा है और पूरी तरह हटाने में समय लग सकता है। स्थानीय प्रशासन ने इलाके में सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी है ताकि आगे कोई हादसा न हो।

## आपरेशन खुशी अभियान के तहत पुलिस थाना संजय सर्किल जयपुर उत्तर की कार्यवाही, रास्ता भटकी महिला के परिजनों को मात्र दो घंटे में तलाश कर सकुशल परिजनों को किया सुपुर्द

**देश का दर्पण न्यूज**

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) श्री करण शर्मा IPS ने बताया दिनांक 09.08.25 की रात्रि गश्त के दौरान थाना संजय सर्किल क्षेत्र में दाता हाउस चौराहा के पास एक महिला लावारिश हालत में बैठी होने पर जाब्ता द्वारा पूछताछ में उक्त महिला केवल नाम ही बता पा रही थी। आसपडोसियान से पूछताछ में भी उक्त महिला काफी देर से उक्त स्थान पर बैठी होना एवं आसपास की नही होना बताया गया। जिस पर श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय, श्री वीजू जार्ज जोसेफ एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) महोदय श्री मनीष अग्रवाल द्वारा आपरेशन खुशी के तहत महिला के परिजनों की तलाश के निर्देश फरमाने पर मन पुलिस उपायुक्त करण शर्मा IPS द्वारा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर–प्रथम) श्री बजरंग सिंह शेखावत RPS एवं सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली जयपुर उत्तर श्री अनुप सिंह RPS के निर्देशन में श्री माधोसिंह पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना संजय सर्किल के नेतृत्व में टीमें गठित की गई थी। गठित टीमों द्वारा महिला कानिस्टेबल की मौजूदगी में उक्त महिला को तसल्ली देकर पूछताछ कर महिला के निवास क्षेत्र के बारे में मालूमात की गई तो उक्त महिला शाम के समय खरीदारी करने हेतु बाजार में आई थी जो रास्ता भटक जाने पर एवं सही रास्ता नहीं मिलने के कारण उक्त स्थान पर काफी देर से बैठी थी। गहन पूछताछ में उक्त महिला रामगंज क्षेत्र की होना सामने आने पर परिजनों की तलाश बाबत टीमें रखाना की गई। गठित टीम द्वारा अथक प्रयास कर मात्र 2 घंटे में ही उक्त महिला के वारिशान भाई व पति का मालूमात कर महिला को परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस थाना संजय सर्किल के उक्त प्रयास की काफी सराहना की गई।

## पुलिस थाना श्याम नगर, जयपुर दक्षिण की अवैध शराब भन्डारण के खिलाफ कार्यवाही

**देश का दर्पण न्यूज**



श्री गजर्षि राज IPS पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ने बताया कि जयपुर शहर में हो रही अवैध शराब भन्डारण एवं विक्री के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु विशेष निर्देश प्रदान किये गये थे, जिस पर कार्यवाही हेतु श्री ललित किशोर शर्मा RPS, अति. पुलिस उपायुक्त, जयपुर दक्षिण एवं श्री योगेश चौधरी RPS सहायक पुलिस आयुक्त सोडाला, जयपुर दक्षिण के निर्देशन तथा श्री दलबीर सिंह पुनि थानाधिकारी पुलिस थाना श्याम नगर, जयपुर दक्षिण के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर टोवो क्लब, गंगा जमुना के सामने, न्यू मांगानेर रोड पुलिस थाना श्याम नगर, जयपुर पर दबिश दी गयी तो मौके से KINGFISHER STRONG PREMIUM Lagar BEER 650 ML की कुल बोतल 24 वोटल, Budweiser GLOBLE KING OF BEER 650 ML कुल 12 बोतल, KINGFISHER ULTRA LÔger BEER 650 ML की कुल बोटल 12, TURBORG STRONG PREMIUM BEER 650 ML की कुल 24 बोतल,Carlsberg PREMIUM ELEPHANT की कुल 12 बोटल, Bacardi Cranberry 275 ML की कुल 24 बोतल बरामद कर मौके से अभियुक्त अनुज गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से अवैध शराब भन्डारण के संबंध में पूछताछ जारी है। अन्य संदिग्ध गजेन्द्र गुर्जर, मनीष गौतम से भी अनुसंधान शेष है

## महिला कालिका पैट्रोलिंग टीम कैंप जोबनेर की बड़ी कार्रवाई



**देश का दर्पण न्यूज**

श्रीमती राशि डोगरा इडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों व भीडभाड वाले क्षेत्रों में महिलाओं व बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार, छेड़छाड़ की घटनाओं की रोकथाम हेतु कालिका पैट्रोलिंग यूनिट का गठन किया गया है जिसके तहत जिला जयपुर ग्रामीण में प्रत्येक सर्किल स्तर पर महिला सुरक्षा एवं अपराध की रोकथाम के लिए कालिका यूनिट तैनात की गई हैं। इसी क्रम में दिनांक 08.08.2025 को अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रक्षउअह) श्री बृजमोहन मीणा के सुपरविजन में तथा वृत्ताधिकारी जोबनेर श्रीमती प्रियंका वैष्णव के नेतृत्व में थाना रेनवाल व पुलिस कालिका पेट्रोल टीम कैंप जोबनेर के द्वारा ईलाका थाना रेनवाल में दिनांक 08.08.2025 को स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त करते हुए सरकारी स्कूल मोहनपुरा बालाजी रोड़ रेनवाल में स्कूल के बाहर बालिकाओं के साथ अभद्र व्यवहार कर भागते हुए एक मनचले अजय कुमार पुत्र बालचन्द जाटोलिया जाति रैगर उम्र 18 साल निवासी अम्बेडकर कालोनी रेनवाल पुलिस थाना रेनवाल जिला जयपुर को डिटेन कर धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया है। महिला कालिका पैट्रोलिंग यूनिट महिलाओं की सुरक्षा के लिए मनचर्ले पर त्वरित कार्यवाही के लिए प्रतिबद्ध है।

# जटिल प्रसव के बाद पीपीएच होने के बाद भी बीडीके अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने बचाया

**झुंझुनू।** ठिमाऊ बड़ी निवासी 25 वर्षीय निशा प्रसव के लिए बीडीके अस्पताल में भर्ती हुई। प्रसूता के पॉलीहाईड्रोम्नियोज, उच्च रक्तचाप के चलते प्रसव जटिल होने की संभावना के चलते भर्ती हुई। शनिवार रात को अस्पताल में मौजूद प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ, रेजीडेण्ट चिकित्सक, सीनियर रेजिडेंट चिकित्सक, ऑन कॉल सीनियर चिकित्सक सुशीला के द्वारा उपचार आरंभ किया गया। चिकित्सक निरंतर बल्ड प्रेशर, बच्चे की धडकन, ऑनलाईन प्रसव वॉच से निरंतर मॉनिटरिंग करते रहे। हाईरिस्क प्रसव होने के निरंतर मॉनिटिरिंग के बाद सामान्य प्रसव से बच्चे का जन्म हुआ। परंतु डिलीवरी के तुरंत बाद ही निशा को सुबह 9 बजे पीपीएच हो गया। पॉली हाईड्रोम्नियोज एवं एटोनिक गर्भाशय से रक्त स्त्राव अत्यधिक तेज हो गया। चिकित्सकों की टीम ने तुरंत कॉम्प्लिकेशन से बचाने के लिए रोगी को ऑपरेशन थिएटर में स्थानांतरित किया गया। निश्चेतन विशेषज्ञ, प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन की टीम ने बच्चेदानी का आपरेशन कर अत्यधिक रक्त स्त्राव पर नियंत्रण किया गया। परंतु बल्ड प्रेशर अत्यंत न्यून होने एवं खून बहने से खून की अत्यधिक कमीं होने से रोगी हाईपोवोलेमिक शॉक में चला गया। तुरत बच्चादानी का ऑपरेशन कर रक्त स्त्राव पर काबू पाने के बाद खून की कमी, घटते ब्ल्ड प्रेशर को नियंत्रित करने के लिए आईसीयू में भर्ती किया गया



है। जहां फिजिशियन, निश्चेतन विशेषज्ञ, प्रसूति रोग विशेषज्ञ द्वारा निरंतर मॉनिटिरिंग की जाती रही है। पीएमओ डॉ जितेन्द्र भाम्बू रविवार का दिन होते हुए भी अस्पताल आईसीयू में आकर चिकित्सको की टीम को निरंतर समन्वय बनाने एवं आवश्यक ब्लड, दवा, अतिरिक्त स्टाफ आदि उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करते रहे । परंतु रोगी गंभीर स्थिति के कारण सेशुचेरेशन निरंतर घटता जा रहा थाए सांस की गति अत्यधिक तेज हो रही थी। परंतु आईसीयू में निरंतर जांच एवं उपचार से 48 घंटे बाद धीरे-धीरे रोगी में सुधार हुआ।

सात दिन भर्ती रहने के बाद रोगी को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। रोगी निशा ने बीडीके अस्पताल की टीम को गंभीर हालत में उपचार करने पर पीएमओ डॉ जितेन्द्र भाम्बू एक टीम का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि मेरे लिए यह एक नये जीवन जैसा प्रतीत हो रहा है। आंखों में अंधेरा सा छा रहा था, बेहोशी छा रही है। अस्पताल की बेहतरीन सेवाओं की संतुष्टि जाहिर की। पीएमओ डॉ जितेन्द्र भाम्बू ने बताया कि बीडीके अस्पताल में की मातृ एवं शिशु ईकाई में 24 गुणा 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, ऑपरेशन थियेटर, नवजात आईसीयू, ब्लड बैंक सभी एक ही छत के नीचे होने से अविलंब बेहतरीन सेवाएं मिल पा रही है। पीएमओ डॉक्टर जितेंद्र भाम्बू ने बताया की चिकित्सकों ने टीम भावना से कार्य किया तथा टीम के सदस्यों का परस्पर सहयोग, सामंजस्य उत्तम रहा है। चिकित्सकों की टीम द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग से पीपीएच से पीड़ित प्रसूता की जान बचना स्वास्थ्यकर्मियों एवं आमजन के लिए उत्साहवर्धक है। चिकित्सकों की टीम में डॉ सुशीला, डॉ अनिता गुप्ता, डॉ प्रियंका शेखसरिया, डॉ पुष्पा रावत, डॉ आकांक्षा, डॉ मधू तंवर, डॉ राजीव दुलड़, डॉ ललिता, डॉ विजय झाझडि?ा, रेजीडेण्ट डाक्टर्स एवं नर्सिंग स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## पंजाब देश का पहला ड्रोन–रोधी प्रणाली तैनात करने वाला राज्य बना

**अमृतसर, चंडीगढ़ 10 अगस्त**

सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी रोकने की एक अभूतपूर्व पहल के तहत, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज ड्रोन–रोधी प्रणाली (एडीएस) 'बाज अख' को हरी झंडी दिखाई, जिससे पंजाब अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर इस प्रणाली को तैनात करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।



मीडिया से बात करते हुए आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि इस पहल ने नशे के खिलाफ मुहिम में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की नशा तस्करों से मिलीभगत थी, जिसकी वजह से इस अभिशाप ने राज्य में पैर पसार लिए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप सरकार ने नशे के खिलाफ बड़ी जंग छेड़ी है और इस धंधे में शामिल बड़ी मछलियों को सलाखों के पीछे डाला गया है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि सीमा पार से पंजाब में नशे की आपूर्ति हो रही है और इसे रोकने के लिए यह ड्रोन रोधी प्रणाली शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि पंजाब को इस अभिशाप से मुक्त कराने के लिए तीन ड्रोन रोधी प्रणालियाँ शुरू की गई हैं और जल्द ही छह और शुरू की जाएँगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने नशा तस्करों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को सख्ती से लागू किया है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि इस अवैध नशे के कारोबार से नशा तस्करों द्वारा अर्जित की गई संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब की ईमानदार सरकार ने सबसे बड़े और कुख्यात नशा तस्करों को सलाखों के पीछे पहुँचाया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि समाज में जहर घोलने वाले और अपने घरों में ऐशो–आराम की जिंदगी जीने वाले ये तस्कर हमारे लोगों के असली दुश्मन हैं और राज्य सरकार इन्हें किसी भी कीमत पर नहीं बख्शेगी।

इस बीच, मुख्यमंत्री ने कहा कि "युद्ध नशीन जंग" अभियान के तहत, पंजाब ने आज सीमा पार से नशीली दवाओं की तस्करी को रोकने के लिए एक आर–पार की लड़ाई शुरू की है। उन्होंने कहा कि पंजाब की पाकिस्तान के साथ 553 किलोमीटर लंबी सीमा है, जिसे नशीली दवाओं और हथियारों की तस्करी के लिए सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक माना जाता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और ड्रोन आधारित तस्करी से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नौ ड्रोन रोधी इकाइयाँ स्थापित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन इकाइयों पर 51.4 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि हमारे देश के सशस्त्र बल और बीएसएफ पहले से ही ऐसी प्रणालियों का उपयोग कर रहे हैं, पंजाब देश का पहला राज्य है जिसने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन रोधी प्रणाली तैनात की है।

उन्होंने कहा कि ड्रोन रोधी प्रणाली सीमा पार से मादक पदार्थों की आपूर्ति करने वाले तस्करों को कड़ा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र–विरोधी तत्व अक्सर असामाजिक गतिविधियों के लिए तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि देश के दुश्मनों ने पंजाब के युवाओं की जिंदगी तबाह करने के लिए ड्रोन को हथियार बना लिया है और सीमा पार से नशा तस्करी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने सीमा पार से नशा तस्करी रोकने के लिए सुरक्षा बलों के अथक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि 2024 में हेरोइन, हथियार और गोला–बारूद से लदे कुल 283 ड्रोन जब्त किए गए और 2025 में अब तक 137 ड्रोन बरामद किए जा चुके हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पठानकोट से फाजिल्का तक सीमा पर सुरक्षा की दूसरी पंक्ति के तौर पर ड्रोन रोधी प्रणाली तैनात की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे सीमा पार से राज्य में प्रवेश करने वाले किसी भी ड्रोन को तुरंत निष्क्रिय किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दूसरी पंक्ति का मतलब सीमावर्ती जिलों में पंजाब पुलिस की तैनाती है, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात बीएसएफ के पीछे काम करती है।

## जयपुर पुलिस आयुक्त 12 अगस्त को सांगानेर सदर थाने में करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर, 9 अगस्त।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस आयुक्त श्री बीजू जॉर्ज जोसफ 12 अगस्त (मंगलवार) को 4 पीएम से 7 पीएम तक पुलिस थाना सांगानेर सदर में जनसुनवाई करेंगे।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (प्रथम) श्री मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त दक्षिण श्री राजर्षि राज, पुलिस उपायुक्त पूर्व श्री संजीव नैन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण श्री ललित किशोर शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पूर्व श्री आशाराम चौधरी, सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर, मानसरोवर एवं चाकसू एवं सं?बंधित थानाधिकारी और थाने के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

इस दौरान पुलिस थाना सांगानेर, प्रताप नगर, रामनगरिया, मालपुरा गेट, चाकसू, शिवदासपुरा, सांगानेर सदर, कोटखावदा, मानसरोवर, शिप्रापथ एवं मुहाना क्षेत्र के परिवादियों की जनसुनवाई की जावेगी।

जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है।

गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस आयुक्त द्वारा शिप्रापथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधरनगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम), चौमू (जयपुर पश्चिम), प्रतापनगर (जयपुर पूर्व), जयसिंहपुरा खोर (जयपुर उत्तर) जवाहर सर्किल (जयपुर पूर्व), वैशाली नगर (जयपुर पश्चिम), मुहाना (जयपुर दक्षिण), आमेर (जयपुर उत्तर) महेशनगर (जयपुर दक्षिण), जामडोली (जयपुर पूर्व), झोटवाडा (जयपुर पश्चिम) एवं श्यामनगर (जयपुर दक्षिण) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

## जिन स्थानों पर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के चरण पड़े, उनका स्वरूप बदला जाएगा – ईटीओ

**बाबा बकाला साहिब, 9 अगस्त: ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**

सच्चा गुरु लधो रे दिवस और रख पुण्य के अवसर पर पंजाब सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए, कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ ने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान, श्री अरविंद केजरीवाल, श्री मनीष सिसोदिया और पार्टी अध्यक्ष श्री अमन अरोड़ा की ओर से श्रद्धालुओं को इस पवित्र दिवस की बधाई दी और कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा चुनाव से पहले लोगों को दिए गए वादे लगभग पूरे हो चुके हैं। उन्होंने सरकार द्वारा हर घर को 600 यूनिट मुफ्त बिजली देने, बिजली में बड़े सुधार, किसानों को आठ घंटे निर्बाध बिजली, वह भी दिन में, तथा पंजाब सरकार द्वारा निजी क्षेत्र से खरीदे गए थर्मल प्लांट का जिक्र करते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने अपने मुनाफे के लिए कोयला खरीदने का गोरख धंधा बंद करके हमारा ही कोयला खाना शुरू किया, जिससे बिजली विभाग को भारी आर्थिक लाभ हुआ और आज बिजली विभाग 2500 करोड़ रुपये से अधिक के मुनाफे में है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री हर घर को 10 लाख रुपये का मेडिकल बीमा देने जा रहे हैं, जिससे आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला दवाइयों का बोझ हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। नशे के खिलाफ जंग की चर्चा करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि



अब तक हमारे मंत्री, विधायक, हलका इंचार्ज और अन्य पार्टी नेता 7000 से अधिक गांवों और शहरों में नशा रोकने के लिए हर घर–घर दस्तक दे चुके हैं। इसका इतना असर हुआ है कि 4000 से अधिक पंचायतों ने लिखकर दे दिया है कि वे नशा बेचने वालों का साथ नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि यह जंग जारी है और नशा तस्कर की पहुँच चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, उसे सजा मिलेगी।

उन्होंने साहिब श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व का ज़िक्र करते हुए ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को इन कार्यक्रमों में शामिल होने का न्योता दिया और कहा कि इन कार्यक्रमों की औपचारिक शुरूआत 5 सितंबर से पहले आनंदपुर साहिब में लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे भाई जैता जी के स्मारक का उद्घाटन करके की जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने ऐलान किया कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के चरणों से स्पर्श किए गाँवों और शहरों के विकास की सूरत बदली जाएगी। उन्होंने कहा कि श्री भगवंत सिंह मान सरकार ने साढ़े तीन साल में जितना काम किया है, उतना काम 75 साल में भी सरकारें नहीं कर पाईं।

इस मौके पर विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने आज सीमा पर नशा तस्करी रोकने के लिए शुरू किए गए एंटी ड्रोन सिस्टम के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद किया और कहा कि इससे हमारे पंजाब में तस्करी रुकेगी और इसके साथ ही नशे का कारोबार हमेशा के लिए बंद हो जाएगा।

हलका विधायक दलबीर सिंह टोंग ने सम्मेलन में पहुंचे हलके के नेताओं, संगत और नेताओं का धन्यवाद किया और बताया कि कैसे आम आदमी पार्टी सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य में बड़े सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि बाबा बकाला साहिब हलके में 60% से अधिक सड़कों का निर्माण हो चुका है और शेष सड़कों का निर्माण भी जल्द ही किया जाएगा। उन्होंने साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के अवसर पर बाबा बकाला साहिब में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पंजाब सरकार का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मैंने अपने हलके के 200 से अधिक स्कूलों में से 130 स्कूलों में आवश्यक बुनियादी ढांचे को पूरा करने के लिए विकास कार्य किया है और बाकी स्कूलों का भी काम पूरा होने के बाद जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा।

## 11 कन्याओं के सुकन्या समृद्धि खाते खुलवाए



**झुंझुनू।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट झुंझुनू ने रक्षाबंधन के अवसर पर 11 कन्याओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते खुलवाए। झुंझुनू प्रभारी मनोज कुमार गनोलिया ने बताया की लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट झुंझुनू ने रक्षाबंधन के अवसर पर पिछले 5 वर्षो से एक सराहनीय पहल की है। ट्रस्ट ने 11 कन्याओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते खुलवाए और प्रत्येक खाते में 250 की राशि डलवाई है। यह भाई–बहन के आपसी प्रेम, संबंध और संरक्षा को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। इस मौके पर ग्यारसी देवी, वीना राणी, समीर गनोलिया, कौशल्या, पूनम कुमावत, निशा कुमावत, सुमित पांडे आदि लोग मौजूद थे। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट झुंझुनू के प्रभारी मनोज कुमार गनोलिया ने बताया कि यह कार्यक्रम रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर आयोजित किया गया था।

## प्रभारी मंत्री आज आएंगे झुंझुनू

**झुंझुनू।** जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत सोमवार को जिला मुख्यालय की हवाई पट्टी पर आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत क्लेम भुगतान कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 3 बजे झुंझुनू से जयपुर के लिए रवाना होंगे।

## राज्य मंत्रीचौधरी क्लेम भुगतान कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**झुंझुनू।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी सोमवार को झुंझुनू आएंगे। वे सुबह 8 बजे किशनगढ़ से रवाना होकर दोपहर 12:30 बजे झुंझुनू पहुंचेंगे। राज्यमंत्री झुंझुनूं हवाई पट्टी पर आयोजित होने वाले क्लेम भुगतान कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दोपहर 3 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री चौहान आज आएंगे झुंझुनू

**झुंझुनू।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को एक दिवसीय यात्रा पर झुंझुनू आएंगे। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि केंद्रीय मंत्री दोपहर 12 बजे विशेष हेलीकाप्टर से जयपुर से रवाना होकर 12:45 बजे झुंझुनू हवाई पट्टी पहुंचेंगे। वे दोपहर 1:30 बजे यहां आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत क्लेम भुगतान कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर सवा 3 बजे केंद्रीय मंत्री हवाई पट्टी से जयपुर के लिए रवाना होंगे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज आएंगे झुंझुनू

**झुंझुनू।** जिले में आज सोमवार को होने वाले प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्लेम वितरण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को कृषि विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजन विशाल कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल, जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग, एसपी ब्रजेश उपाध्याय ने हवाई पट्टी स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वीआईपी प्रवेश, जनता के लिए प्रवेश द्वार, पार्किंग, मंच, छायादार व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा के इंतजामों की जानकारी ली। प्रमुख शासन सचिव राजन विशाल ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएं ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने किसानों के लिए विशेष सुविधाओं का भी ध्यान रखने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। इस दौरान डीबीटी के माध्यम से किसानों को फसल बीमा के तहत मुआवजे की राशि वितरित की जाएगी।

## भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**झुंझुनू।** बुगाला गांव में बावलिया बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को भागवत कथा शुरू हुई। नवलगढ़ के पूर्व विधायक व चिकित्सा राज्य मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा, फिल्म निर्देशक क्षितिज कुमार व ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य के कर कमलों से महिलाओं को कलश दिए गए। ठाकुरजी मंदिर पुजारी ओमदास स्वामी ने कलश पूजन किया। डीजे के साथ कलश यात्रा यहां से शुरू हुई जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची। कथावाचक नेछवा से पधारे पं राजेंद्र शास्त्री ने पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि कथा का रसपान करने से लोक से लेकर परलोक सुधर जाते हैं। उन्होंने कहा कि भागवत चिंतन रूपी तलवार से कर्मों की गांठें काटी जा सकती हैं। मुख्य यजमान नन्दकिशोर स्वामी व हरिराम जांगिड़ रहे। इस मौके पर पूर्व सरपंच सुभाष बुगालिया, मूलचंद बुगालिया, रमेश सिंघानिया, ओमप्रकाश बुगालिया, कैप्टन द्रोणाचार्य, विजय कुमार जांगिड़, देशराज बुगालिया, शंकर पारीक, दारासिंह बुगालिया, मुरलीधर गुप्ता, मुरारीलाल पारासर आदि मौजूद रहे।



# दिव्यांग सेवा संस्थान द्वारा राखी स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**झुंझुनू।** स्थानीय शहीद करनी राम रामदेव पार्क में दिव्यांग सेवा संस्थान एवं लायंस क्लब झुंझुनू के संयुक्त तत्वावधान में राखी स्नेह मिलन समारोह रविवार सुबह 11 बजे आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश संस्था के जिला अध्यक्ष उमर कुरैशी मुख्य अतिथि एवं लॉयंस क्लब अध्यक्ष डॉ देवेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता, विजय गोपाल मोड़सरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान के प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिरोहा ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति ईद, होली, दीपावली वअन्य त्योहारों पर खुशी के साथ संस्थान के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में राखी स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें जिले भर से दिव्यांग भाई-बहन, बड़े बुजुर्ग शामिल होकर अतिथियों को राखी रक्षा सूत्र बांध कर खुशी जाहिर की। एमजेएफ लॉयन उमर कुरैशी के सौजन्य से सभी दिव्यांग बहनों से राखी बंधवाकर उपहार



स्वरूप नकद राशी प्रदान की गई। दिव्यांग सेवा संस्थान के अध्यक्ष पृथ्वीराज गुर्जर एवं कोषाध्यक्ष बाबूलाल कुमावत ने बताया कि जिले भर से आए हुए दिव्यांग जनों को खुशी, हर्षोल्लास के साथ रक्षा बंधन पर्व मनाया। इस अवसर पर सभी को मिठाइयां वितरित की गई एवं हर माह की भांति राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के फॉर्म भर कर जानकारियां दी गई। इससे पूर्व संस्थान द्वारा कार्यक्रम में पधारे अतिथियों को माला, साफा, शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ताराचंद और रूक्मणी भेड़ा को चीटियां प्रदान किया गया।

# बटाला पुलिस को बड़ी कामयाबी:फतेहगढ़ चूड़िया में दस्तार-ए-पगड़ी की दुकान से रंगदारी मांगने वाले गिरोह का पदार्फाश

**बटाला, 09 अगस्त :( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )** श्री सुहैल कासिम मीर, एसएसपी बटाला ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि बटाला पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है और उन्होंने फतेहगढ़ चूड़िया में दस्तार-ए-पगड़ी की दुकान से रंगदारी मांगने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। इस मौके पर उनके साथ एसपी (डी) गुरप्रताप सिंह सहोता, डीएसपी फतेहगढ़ चूड़िया विपन कुमार, एसएचओ फतेहगढ़ चूड़िया प्रभजोत सिंह और इंस्पेक्टर अनिल पवार भी मौजूद थे।

एसएसपी बटाला ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि 24-7-2025 और 25-7-2025 को कोटली सूरत मल्ली निवासी परमिंदर सिंह पुत्र रतन सिंह को एक विदेशी नंबर पर धमकी मिली और कहा गया कि वह जैसल चंबल बोल रहा है, जिससे 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। परमिंदर सिंह, जिनकी घांट कलेक्शन, कोटली सूरत मल्ली और फतेहगढ़ चूड़िया में रेडीमेड कपड़ों की दुकान है, जिस पर परमिंदर सिंह के बयान पर कोटली सूरत मल्ली थाने में मुकदमा संख्या 95 दिनांक 25-7-2025 धारा



308(4),111 भादंसं के तहत दर्ज किया गया था।

दिनांक 31-7-2025 को फतेहगढ़ चूड़िया क्षेत्र में एक पगड़ी की दुकान में रात 11-15 बजे अज्ञात व्यक्ति ने लूटपाट की। गोलियां चलाई गईं। यह दुकान दुकाल घंटा कुलकेशन के पास है, जिसके मालिक परमिंदर सिंह पुत्र रतन सिंह निवासी कोटली सूरत मल्ली को धमकियां मिली थीं।

सिमरनजीत सिंह पुत्र गुरदीप सिंह निवासी रणसीके तला के बयान पर मुकदमा संख्या 98 दिनांक 31-7-2025, अपराध 125 .324(3) बीएनएस 25-54-59 आर्म्स एक्ट, थाना फतेहगढ़ चूड़िया में दर्ज किया गया।

एसएसपी ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई थीं, जिस पर बटाला पुलिस को बड़ी सफलता तब मिली जब दस्तूर-ए-पगड़ी की दुकान पर गोलियां चलाने वाले आरोपी रविंदर सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी रोडे साह कॉलोनी, अमृतसर और हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र दविंदरपाल सिंह निवासी घन्नूपुर, अमृतसर को गिरफ्तार कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। जिन्हें रिमांड पर लेकर अदालत में पेश किया जा रहा है और उनसे और भी खुलासे होने की आशंका है।

## मिस इंडिया ग्लैम ब्रांड एंबेसडर एवं विनर 2024 सौम्या गुप्ता ने किया डीएलजी ज्वेलर्स का उद्घाटन।



**जयपुर,** राजधानी जयपुर के शिप्रा पथ, मानसरोवर में रविवार को डीएलजी ज्वेलर्स का भव्य उद्घाटन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मिस इंडिया ग्लैम ब्रांड एंबेसडर एवं विजेता 2024, मिस सौम्या गुप्ता ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस विशेष अवसर पर श्रीमती शांति गुप्ता (पत्नी, स्व. श्री द्वारका लाल गुप्ता, अधिवक्ता) भी अपने गरिमामयी सानिध्य से मौजूद रहीं।

डीएलजी ज्वेलर्स के ऑनर विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि यह स्टोर मानसरोवर क्षेत्र के आभूषण प्रेमियों के लिए एक शानदार तोहफा है। यहां ग्राहकों को लाइटवेट एवं ब्राइडल गोल्ड (22/22 कैरेट) और स्टर्लिंग सिल्वर के बेहतरीन कलेक्शन के साथ-साथ आधुनिक डिजाइनों और पारंपरिक शिल्पकला का अनूठा संगम मिलेगा।

इस लॉन्चिंग समारोह के दौरान सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर इंडिया ग्लैम ऑगेनाइजेशन के डायरेक्टर पवन टांक, मंदाकिनी सारीज के फाउंडर डायरेक्टर प्रशांत पोद्दार और इंडिया ग्लैम के मैनेजिंग डायरेक्टर एसएल गुप्ता उपस्थित रहे। साथ ही कई सम्मानित अतिथि, उद्योग जगत से जुड़े लोग, फैशन एवं लाइफस्टाइल क्षेत्र के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सभी ने स्टोर में प्रदर्शित आभूषणों की डिजाइन और क्वालिटी की सराहना की।

## कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला प्रशासन के द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है।

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**



सीवान 09 अगस्त 2025 को जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी छः सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में दी जा रही पेंशन की राशि में माह जून, 2025 से 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए प्रतिमाह किये जाने का निर्णय राज्य सरकार के द्वारा लिया गया है।*

माननीय मुख्यमंत्री, बिहार श्री नीतीश कुमार के द्वारा पेंशन की बढ़ी हुई दर पर माह जुलाई, 2025 के पेंशन की राशि का डी.बी.टी के माध्यम से अंतरण दिनांक 10.08.2025 को प्रस्तावित है।

इस अवसर पर जिला मुख्यालय,सभी प्रखण्ड मुख्यालय, ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सरकार भवन, विद्यालयों में सभी छः सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनधारियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा बढ़ी हुई पेंशन की राशि का डी०बी०टी० के माध्यम से अंतरण एवं उनके संदेश का लाईव प्रसारण 10 अगस्त 2025 को कल प्रातः काल 09:30 बजे से प्रारंभ होने वाले कार्यक्रम में किया जाएगा।

लाईव प्रसारण उपलब्ध संसाधन यथा- टेलीविजन स्क्रीन, लैपटॉप, कम्प्यूटर, टेबलेट, मोबाईल आदि का उपयोग करते हुए लाभुकों की भागीदारी सुनिश्चित करायी जानी है।

सिवान जिलान्तर्गत कार्यक्रम जिला स्तर पर समाहरणालय परिसर अवस्थित सभागार में,प्रखंड स्तर पर प्रखंड मुख्यालय,पंचायत स्तर पर पंचायत सरकार भवन एवं विभिन्न विद्यालयों पर आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संबंधित पदाधिकारी को जिला पदाधिकारी ने अपने आदेश में विभागीय निदेर्शानुसार जवाबदेही सुनिश्चित की है।

जिला स्तर पर सभागार में कार्यक्रम के आयोजन हेतु सहायक निदेशक,जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सिवान उत्तरदायी होंगे। वे इस कार्यक्रम में लाभुकों की उपस्थिति के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करायेंगे।

प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम के आयोजन हेतु संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी उत्तरदायी होंगे एवं इस हेतु वे सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, सिवान से समन्वय स्थापित कर सभी व्यवस्था करते हुये कार्यक्रम स्थल पर लाभुकों की भागीदारी सुनिश्चित करायेंगे।

संबंधित प्रभारी को दायित्व दिया गया है कि वे निर्धारित समय से पूर्व लाभुकों को कार्यक्रम स्थल पर लायेंगे। साथ ही लाभुकों के बैठने की व्यवस्था समयपूर्व सुनिश्चित कर लेंगे। कार्यक्रम दिवस के पूर्व क्षेत्र में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करायेंगे।

सिविल सर्जन सिवान को सभी कार्यक्रम स्थलों पर आवश्यक चिकित्सकीय एवं जीवन उपयोगी दवाएं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## विश्व स्तनपान सप्ताह पर ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने किया जागरूकता अभियान और 'बेबी-फ्रेंडली हॉस्पिटल' बनने का संकल्प

**09 अगस्त :( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**

ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, Ludhiana में विश्व स्तनपान सप्ताह 2025 (1 से 7 अगस्त) के अवसर पर एक सप्ताह तक चलने वाले विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनका उद्देश्य नवप्रसूता एवं गर्भवती माताओं को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा अस्पताल को शिशु-मित्र संस्थान के रूप में विकसित करना था।

यह आयोजन स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, बाल रोग विभाग तथा सामुदायिक चिकित्सा विभाग के संयुक्त प्रयास से सम्पन्न हुआ, जिसे अस्पताल प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।



पूरे सप्ताह अस्पताल के ओपीडी, आईपीडी, अर्बन हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर (UHTC) और रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर (RHTC) में डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा महिलाओं के लिए संवादात्मक चर्चाएँ व परामर्श सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में स्तनपान की समय पर शुरूआत, छह माह तक केवल स्तनपान, और सही तकनीक से स्तनपान कराने जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।

एक जन मंच का आयोजन किया गया जहाँ मरीजों व परिजनों के प्रश्नों के उत्तर विशेषज्ञों ने दिए। स्तनपान से जुड़ी अनेक झूठी मान्यताओं और भ्रांतियों को तर्कपूर्ण ढंग से खंडित किया गया।

नर्सिंग छात्रों, डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ के लिए पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने स्तनपान को एक प्राकृतिक, आवश्यक और सशक्तिकारी प्रक्रिया के रूप में दर्शाया। सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया गया।

ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डीन डॉ. इंदर पवार ने इस संयुक्त आयोजन की सराहना की और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु विभागों के सहयोग की प्रशंसा की।

डॉ. अपराजिता सोफिया डिसूजा, चिकित्सा अधीक्षक ने ह्लआधुनिक महिलाओं में स्तनपान की भूमिकाह्व विषय पर जागरूकता व्याख्यान प्रस्तुत किया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शगुन वालिया ने नर्सिंग स्टाफ को लैक्टेशन तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया।

उप चिकित्सा अधीक्षक ने इस अवसर पर प्रशासनिक, चिकित्सकीय और नर्सिंग स्टाफ सहित उपस्थित मरीजों और परिजनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

बेबी-फ्रेंडली हॉस्पिटल की दिशा में सामूहिक संकल्प

कार्यक्रम के समापन पर, अस्पताल प्रशासन एवं समस्त स्टाफ ने ईएसआईसी अस्पताल को बेबी-फ्रेंडली इंस्टिट्यूशन बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## रेलवे ट्रैक से एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत पुलिस ने किया शव बरामद

**देश का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से**



वैशाली जिले अन्तर्गत मुजफ्फरपुर -हाजीपुर रेलखंड के गोरौल स्टेशन से उत्तर रेलवे गुमटी 22 और 23 के बीच रेलवे ट्रैक के बगल मे एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति की मौत ट्रेन से कटकर हो गई है। गुमटी संख्या 22 पर गुमटी मैन परमानंद कुमार ने बताया की यह घटना 19165 साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के झटके से हुई है। मृतक की पहचान नहीं हुई है। घटना के समय आवाज भी सुनाई दिया था। यह भी बताया गया की 23 नंबर गुमटी पर उक्त व्यक्ति को रेलवे ट्रैक के साइड से जाने से मना किया गया था। वह व्यक्ति थोड़ा हट के चलने लगा, लेकिन यह संयोग रहा की उसके बाद डाउन साबरमती ट्रेन के चपेट मे आ गया। झटके से करीब चार फीट ऊपर उछल कर नीचे जा गिरा और उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सुचना मिलते ही गोरौल थानाध्यक्ष सुनील कुमार, भगवानपुर आरपीएफ प्रभारी बिपिन कुमार और जीआरपी भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। मृतक का उम्र करीब 60-65 वर्ष के बीच का बताया गया है।शव को पोस्टमार्टम के लिये हाजीपुर भेजा गया है।

## जयपुर, राजस्थान शतरंज में हो रही शैक्षणिक बोर्ड आधारित भागीदारी की असमानता पर सवाल

**शतरंज** के क्षेत्र में हो रहे विभिन्न स्कूल टूनामेंट्स में छात्रों को बराबर अवसर मिलना चाहिए, लेकिन यह देखकर अत्यंत खेद होता है कि सीबीएसई स्कूलों द्वारा आयोजित शतरंज टूनामेंट्स में आरबीएसई (राजस्थान बोर्ड) के छात्रों को भाग नहीं लेने दिया जाता, जबकि आरबीएसई द्वारा आयोजित टूनामेंट्स में सीबीएसई स्कूलों के छात्र सहजता से भाग लेते हैं।

यह स्थिति स्पष्ट रूप से भेदभावपूर्ण



है और "खेलों में समानता" की भावना के विरुद्ध है।

**हमारा मानना है कि:**

या तो दोनों ही बोड्र्स के टूनामेंट्स सिर्फ अपने-अपने बोर्ड के छात्रों के लिए सीमित रहें,

या फिर दोनों बोड्र्स के छात्र एक-दूसरे के टूनामेंट्स में समान रूप से भागीदारी कर सकें।

राजस्थान के हजारों होनहार शतरंज खिलाड़ियों को सिर्फ बोर्ड के आधार पर टूनामेंट से बाहर रखना उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास को ठेस पहुंचाने वाला है।

मैं, जिनेश कुमार जैन,
अभिभावक एवं मीडिया प्रभारी झ्र चेस पेरेंट्स एसोसिएशन राजस्थान,

इस विषय पर संबंधित खेल संगठनों, शैक्षणिक बोड्र्स और आयोजकों से निवेदन करता हूँ कि इस विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार करें और न्यायसंगत नीति लागू करें,

ताकि हर छात्र को समान अवसर मिल सके और शतरंज का समग्र विकास सुनिश्चित हो।

## नबान्न अभियान को लेकर पार्क स्ट्रीट पर हंगामा, शुभेंदु अधिकारी का विरोध प्रदर्शन

**रमेश राय**



नबान्न अभियान को लेकर कोलकाता के पार्क स्ट्रीट में जमकर हंगामा हुआ। जैसे ही विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी सड़क पर उतरे, पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। तिलोत्तमा की मां और पिता के साथ शुभेंदु अधिकारी डोरिना क्रॉसिंग पहुंचे, लेकिन हर कदम पर उन्हें पुलिस की रोकथाम का सामना करना पड़ा।

जब पुलिस भाजपा नेतृत्व को रोकने में पूरी तरह जुटी थी, तभी शुभेंदु अधिकारी ने पुलिस को चकमा देने के लिए दूसरा रास्ता अपनाया। हालांकि, अंततः उन्हें बाधा का सामना करना पड़ा और वे पार्क स्ट्रीट पर ही धरने पर बैठ गए।

## सीवान के राजेन्द्र स्टेडियम में जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ जिला पदाधिकारी सिवान के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान, 10 अगस्त 2025 रविवार** को शिक्षा विभाग, खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन सिवान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता चार दिवसीय का रविवार को जिलाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक सिवान मनोज कुमार तिवारी, उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता लोक शिकायत इस्ताक अली अंसारी, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मशाल जलाकर मशाल खेल का विधिवत उद्घाटन राजेंद्र स्टेडियम में किया।

कार्यक्रम में आये हुये अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत जिला खेल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार यादव ने बुके देकर किया।

स्वागत गान राजवंशी देवी उच्च विद्यालय की छात्राओं के द्वारा तेज नारायण शाह संगीत शिक्षक के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया।

राजवंशी देवी उच्च विद्यालय सिवान के



एनसीसी के छात्राओं के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में काफी संभावनाएं है। यह मशाल खेल प्रतियोगिता में कबड्डी, फुटबाल, वॉलीबाल, साइकिल, क्रिकेट व एथलेटिक्स को शामिल किया गया है। यह आयोजन 10 अगस्त से 13 अगस्त 25 तक यानी चार दिनों तक चलेगा। खिलाड़ियों को खेल में खेल भावना से शरीक होने का जिला पदाधिकारी ने आह्वान किया।

पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में बताया कि मशाल खेल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में छुपी हुई प्रतिभा को एक मंच देना है। इतना बड़े खेल का आयोजन और इसमें इतने बड़े पैमाने पर खिलाड़ियों का भाग लेना निश्चित ही खेल के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

जिला खेल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार यादव ने कहा कि मशाल खेल का उद्देश्य राज्य के सरकारी स्कूलों में युवा एथलीट की पहचान करना उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित करना है। उद्घाटन के पहले दिन अंडर 16 आयु वर्ग में बालक/बालिका कबड्डी एथलेटिक्स, वॉलीबॉल इत्यादि खेलों का आयोजन किया गया।

## गांव कौल में ढांड मंडल की भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा माहौल

**तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि हमारे गर्व, बलिदान और एकता का प्रतीक : कर्मबीर कौल**



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** आज गांव कौल में ढांड मंडल की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में कार्यकताओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान हाथों में लहराते तिरंगे और गूंजते देशभक्ति नारों ने पूरे माहौल को देशप्रेम की भावना से भर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्मवीर कौल, चेयरमैन जिला परिषद कैथल, उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईशम सिंह साकरा, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला, मंडल उपाध्यक्ष कृष जाजनपुर, बलधीर सिंह उर्फ टिंकू सागवाल, विनोद कुमार, सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार आढ़ती, सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत पबनावा, महामंत्री रमेश कुमार, सतीश कुमार, मास्टर कुलदीप पबनावा, वाल्मीकि सभा के प्रधान राहुल कुमार, सेवा सिंह, पवन पतलान, मास्टर अशोक कुमार, पूर्ण, ब्लॉक समिति ढांड के वाइस चेयरमैन सुरजभान बंदराना, बल्लू, जितेंद्र कुमार, रिंकु सागवाल, जसमेर सागवाल, मास्टर जसबीर, कृष्ण प्रधान, विनोद पांचाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

चेयरमैन कर्मवीर कौल ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि यह हमारे गर्व, बलिदान और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखना और देश की एकता व अखंडता के लिए कार्य करना हम सबका कर्तव्य है।

यात्रा के दौरान ह्लभारत माता की जयह्व, ह्लवंदे मातरमह्व और ह्लशहीद अमर रहेंह्व के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी ने तिरंगे की गरिमा बनाए रखने और देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

## गंगासागर में अंधी मां और विकलांग बेटे को मिला प्रशासनिक सहारा

**रमेश राय, पश्चिम बंगाल**



प्राकृतिक आपदा में मिट्टी का घर ढह जाने से सिर छुपाने की भी जगह नहीं बची थी। गंगासागर की 75 वर्षीय अंधी वृद्धा छबी बारिक अपने विकलांग बेटे जयदेव बारिक के साथ किसी तरह रसोईघर में रह रही थीं।

परिवार का गुजारा केवल जयदेव की विकलांगता पेंशन से चल रहा था। जयदेव ठीक से चल-फिर नहीं सकते और उनकी मां पूरी तरह दृष्टिहीन हैं। दोनों एक-दूसरे का सहारा बनकर जीवन की कठिनाइयों से लड़ते रहे।

गंगासागर ग्राम पंचायत के विष्णुपुर इलाके में इनका छोटा सा मिट्टी का घर प्राकृतिक आपदा में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मजबूर होकर मां-बेटे को बगल के रसोईघर में शरण लेनी पड़ी। बीते मंगलवार को कई समाचार माध्यमों ने इस परिवार की दयनीय स्थिति को उजागर किया। खबर गंगासागर ग्राम पंचायत और सागर बीडीओ कनैया कुमार राव तक पहुंचाई गई। प्रशासन ने सहायता का आश्वासन दिया।

इसके बाद सागर ब्लॉक प्रशासन की ओर से परिवार को तिरपाल, बांस, छप्पर, बर्तन, रसोई के सामान और कुछ कपड़े प्रदान किए गए। मौके पर गंगासागर ग्राम पंचायत के उपप्रधान हरिपद मंडल और प्रधान अंजलि सिंह मौजूद थे। उपप्रधान ने कहा कि वे इस परिवार के साथ खड़े रहेंगे और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रेरणा से (बांग्लार बाड़ी) परियोजना के तहत इनके लिए नया घर बनवाने की व्यवस्था करेंगे।

प्रशासनिक मदद पाकर यह गरीब परिवार बेहद खुश है।

## आकांक्षा हाट का आयोजन दिनांक 11 अगस्त 2025 से 14 अगस्त 2025 तक डी आर सी सी, सिवान के परिसर में किया जाएगा

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान, 09 अगस्त 2025 शनिवार को** नीति आयोग,भारत सरकार के गाइडलाइन के अनुसार जिला पदाधिकारी सिवान डॉआदित्य प्रकाश ने डीआरसीसी सिवान के प्रांगण में "आकांक्षा" हाट का आयोजन दिनांक 11 अगस्त 2025 से दिनांक 14 अगस्त 2025 तक आयोजित करने का निर्देश दिया है।*

आज आकांक्षा हाट के आयोजन से संबंधित तैयारियों के निमित्त समीक्षात्मक बैठक जिला पदाधिकारी, सिवान की अध्यक्षता में समाहरणालय अवस्थित कार्यालय कक्ष मेंआहुत की गई।

"आकांक्षा" हाट में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल के जरिए विभाग से संबंधित जानकारी को प्रदर्शित करने का निर्देश जिला पदाधिकारी महोदय ने दिया।

इनमें कृषि विभाग के द्वारा तीन स्टॉल, उद्योग विभाग के द्वारा चार स्टॉल, कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा तीन स्टॉल, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एक स्टॉल, जीविका के द्वारा चार स्टॉल एवं सुधा के द्वारा एक स्टॉल लगाने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने दिया गया है।

निर्दिष्ट सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक प्रधान को अपने स्तर से अपने-अपने विभाग से संबंधित उत्पादों, कौशल विकास एवं पेंटिंग आदि से संबंधित व्यक्तियों, संस्थाओं को चयनित कर "आकांक्षा" हाट में प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है।

आकांक्षा हाट कार्यक्रम में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय उत्पादों, हैंडीक्राफ्ट, हैण्डलूम, पेंटिंग,जीविका समूह द्वारा तैयार उत्पादों इत्यादि से संबंधित स्टॉल लगाया जाएगा।

जिसका उद्देश्य स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों को पहचान कर अवसर एवं प्रोत्साहन देना है।

सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत करने का भी निर्णय जिला पदाधिकारी ने लिया है।

जिला पदाधिकारी, सिवान के निदेर्शालोक में कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद सिवान डीआर सी सी परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करवाऐंगे।

सिविल सर्जन, सिवान कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सकीय दल के साथ एंबुलेंस की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेंगे।

जिला अग्निशमन पदाधिकारी कार्यक्रम स्थल पर फायर ब्रिगेड वाहन तथा कर्मियों के प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेंगे।

अनुमंडल पदाधिकारी, सिवान कार्यक्रम स्थल पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेंगे।

## श्री नीतीश कुमार,माननीय मुख्यमंत्री,बिहार सरकार के कर कमलों द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में बढ़ी हुई दर पर राशि का अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय सिवान के सभागार में आयोजित किया गया।

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान, 10 अगस्त 2025 रविवार को** कार्यक्रम को उत्सवी माहौल में मनाने हेतु जिला पदाधिकारी ने पेंशन लाभार्थियों के साथ कार्यक्रम के दौरान केक काटकर शिरकत किया।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अन्तर्गत संचालित सभी छः पेंशन योजनाओं में पेंशनधारियों को दी जा रही पेंशन की राशि माह जून, 2025 से 400/- रू० से बढ़ाकर 1100/- रू० किया गया है। आज 10 अगस्त को पेंशन की बढ़ी हुई राशि माह जुलाई, 2025 का डी०बी०टी० के माध्यम से अंतरित की गई।

इस कार्यक्रम के अवसर पर जिलेभर में कल 1460 स्थलों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इनमें जिला मुख्यालय, प्रखण्ड मुख्यालय, ग्राम पंचायत मुख्यालय, राजस्व ग्राम एवं नगर निकाय के वार्ड स्तर पर वृहद पैमाने पर स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम में पेंशनधारियों ने भाग लिया तथा माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा होनेवाले राशि के अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण टी०वी०/ लैपटॉप/मोबाईल के माध्यम से जुड़कर देखा एवं सुना गया।

माननीय मंत्री महोदय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी पेंशनधारियों को संबोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री का संदेश से जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा अवगत कराया गया।

प्रिय सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों,

बिहार सरकार की नीति "न्याय के साथ विकास" पर आधारित है, जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को न्यायसंगत और समान अवसर प्रदान करना है।

हमारी यह प्रतिबद्धता है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है,



जिनका लक्ष्य समाज के कमजोर वर्गों को सहायता और संबल देना है ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो एवं उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले।

राज्य सरकार आपके सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम जानते हैं कि आपको सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना केवल सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं बल्कि हम सबका नैतिक कर्तव्य भी है।

इसी क्रम में यह जानकारी साझा करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है कि हमारी सरकार ने वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों को दी जा रही पेंशन की राशि को माह जून, 2025 से 400 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रतिमाह करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है और आज राज्य के सभी पेंशनधारियों को बढ़ी हुई राशि का हस्तांतरण सीधे उनके बैंक खाते में किया जा रहा है। इसका लाभ राज्य के 1 करोड़ 12 लाख से अधिक पेंशनधारियों को होगा।

# अमेरिका द्वारा लगाया गया टैरिफ अमेरिकी नागरिकों के लिए दुर्भाग्यपूण,हम डरने वाले नहीं:— मदन राठौड़

## हर घर तिरंगा अभियान को प्रदेशभर में वृहद स्तर पर मनाएगी भाजपा, देशभक्ति में ना हो पक्ष—विपक्ष का भेद:— मदन राठौड़

**जयपुर, 10 अगस्त 2025।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली प्रवास के दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को केवल एक औपचारिकता बनाकर नहीं छोड़ा जाएगा, बल्कि "हर घर तिरंगा" अभियान के माध्यम से इसे वृहद स्तर पर मनाया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर घर-घर तिरंगा फहराने के लिए तत्पर हैं। इस दौरान तिरंगा यात्राओं के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल भाजपा का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। उन्होंने विपक्षी दलों से भी आह्वान किया कि वे भी राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित होकर इस अभियान में भाग लें। राठौड़ ने कहा, "हम चाहते हैं कि पक्ष में भी राष्ट्रभक्ति हो और विपक्ष में भी। देशभक्ति कोई एक पार्टी की जागीर नहीं है, यह हम सबका साझा कर्तव्य है।"

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अमेरिका की नीति की आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिका अपनी वैश्विक प्रभुत्वता बनाए रखने के लिए उभरते हुए राष्ट्रों को दबाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि, "अटल जी ने जब परमाणु परीक्षण किया था तब भी दुनिया के आर्थिक प्रतिबंधों की परवाह नहीं की थी। उसी आत्मविश्वास से आज भी भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



आगे बढ़ रहा है।" उन्होंने अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ को "अमेरिकी नागरिकों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण" बताया और कहा कि यदि भारत का निर्यात अमेरिका में कम होता है तो हमारे पास रूस, चीन जैसे वैकल्पिक बाजार मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि, "अमेरिका को भुगतना पड़ेगा। हमारा आत्मनिर्भर भारत अब ब्रह्मोस जैसे अत्याधुनिक शस्त्र स्वयं बना रहा है। मेक इन इंडिया के तहत देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और हम डरने वाले नहीं हैं।"

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी की पार्टी जहां जीतती है वहां वे चुनाव आयोग को धन्यवाद देते हैं और जहां हारती है वहां आयोग को कोसते हैं। उन्होंने कहा, "अगर कांग्रेस को प्रतिस्पर्धा करनी है तो जनसेवा में करें, हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास क्यों कर रहे है?" उन्होंने राहुल गांधी के हालिया बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, "राहुल गांधी अब रक्फ़ को लेकर विरोध कर रहे हैं। क्या अब रोहिंग्या या बांग्लादेशी तय करेंगे कि देश में सरकार कौन बनाएगा?" राठौड़ ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी इतनी मजबूत हो चुकी है। जनता सब समझती है और आने वाला समय भाजपा का ही है।

## झुंझुनूं में 11 अगस्त को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राष्ट्र स्तरीय डीबीटी कार्यक्रम होगा आयोजित

**मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में होगा आयोजन**



**जयपुर, 10 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में 11 अगस्त (सोमवार) को झुंझुनूं में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त डीबीटी के माध्यम से राष्ट्रव्यापी स्तर पर किसानों के खातों में हस्तांतरित की जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतिकात्मक चेक का भी वितरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री चौहान के द्वारा राज्य में लगभग 27 लाख फसल बीमा धारक किसानों को लगभग 1200 करोड़ रुपये की राशि का डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के जरिए रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त देश के लाखों किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पहुंचेगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत राज्य सरकार के कार्यकाल में (जुलाई 2025 तक) कुल 148 लाख पात्र फसल बीमा पॉलिसी धारक किसानों को 3 हजार 912.53 करोड़ रुपये के फसल बीमा क्लेम का भुगतान किया गया है।

## नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुरा की संगठनात्मक बैठक

### बूथ स्तर पर मजबूत रहने की अपील

**सुरज वर्मा**

शाहपुरा नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार शाम बाग के बालाजी मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को स्थानीय स्तर पर और अधिक मजबूत तथा सक्रिय बनाना रहा।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता नीरज गुर्जर उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत उसकी जमीनी एकजुटता और कार्यकताओं की सक्रियता में होती है। नीरज गुर्जर ने आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए कार्यकताओं को बूथ स्तर पर मजबूती के साथ काम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा निर्वाचन आयोग पर जताए गए संदेह का जिक्र करते हुए, वोट की रक्षा हेतु सजग और संगठित रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर ने भी विचार व्यक्त किए और कहा कि शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को फिर से मजबूत बनाने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा।



नगर कांग्रेस अध्यक्ष (कार्यवाहक) रमेश सेन ने संगठन को वार्ड स्तर तक मजबूत करने की रणनीति साझा की और कार्यकताओं से फील्ड में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

बैठक में कई वरिष्ठ एवं युवा कांग्रेस नेताओं ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख नाम इस प्रकार हैं:

भगवत सिंह राणावत, रामप्रसाद धाकड़, मानक घुसर, रामेश्वर वैष्णव, अजय मेहता, नेता प्रतिपक्ष रचना सुनील मिश्रा, नमन ओझा, पार्षद मुबारिक हुसैन,इकबाल खान इशाक खान, मदन सर्वा, ओम सिंधी, गोल्डी पराशर, इकबाल,जयंत जीनगर, राम सिंह मीणा, अमन पौंड्रिक, जय प्रकाश रैगर, अक्षय गुर्जर, कैलाश फामडा, रवि दत्त पौंड्रिक, शरीफ मोहम्मद, अमजद खान, पप्पू जैन, रामचंद्र बैरवा ,केशव सपूत ,पारस चौधरी, सुलेमान खान, वेद प्रकाश धाकड़, वैभव मिश्रा, बाबू सलावट, अहसान अली, सुनील पराशर, राजीव गुर्जर, फुलिया देव सरकार, मोनू जाट, रामकुमार कुमावत, अल्पेश बेरवा, लोकेश जाट, अमन जाट, विकी खान, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, भंवरलाल रैगर, विजय टेलर, प्रेम कहार, सिराज देसवाली, सवार लाल खारोल और आबिद खान।

सभी कार्यकताओं ने बैठक में संगठन को सशक्त बनाने हेतु अपने विचार और सुझाव साझा किए।

अंत में नीरज गुर्जर ने कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर जी के जन्मदिवस के अवसर पर सभी शाहपुरा कांग्रेस कार्यकताओं को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया।

## बस्सी में कल से शुरू होगी सेक्स-सॉर्टेड सीमेन लैब

**–आरसीडीएफ में अपराह्न तीन बजे होगा उदघाटन समारोह**



**जयपुर, 10 अगस्त।** जिले के बस्सी में संचालित सीमन स्टेशन में सोमवार, 11 अगस्त-2025 को अपराह्न तीन बजे सैक्स सोर्टेड सीमन तैयार करने वाली अत्याधुनिक लैब का उदघाटन होगा। यह उदघाटन समारोह नेशनल डेयरी डवलपमेंट बोर्ड के चैयरमैन डॉ. मिनेश शाह, राजस्थान सरकार के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत तथा राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम, शासन सचिव, पशुपालन एवं गोपालन डॉ. समित शर्मा, आरसीडीएफ की एमडी श्रुति भारद्वाज की गरिमामयी उपस्थिति में टोंक रोड, जयपुर स्थित आरसीडीएफ सभागार में आयोजित किया जाएगा।

केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इस दौरान बस्सी में एफएसबी के प्रबंधन हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। साथ ही अतिथियों द्वारा सैक्स सोर्टेड और पारंपरिक सीमेन उत्पादन के लिए स्थापित सैक्स सोर्टिंग मशीनों का वर्चुअली उदघाटन किया जाएगा। इसके अलावा बांसवाड़ा में डेयरी प्लांट का कार्य पूर्ण करने के लिए एनडीडीबी ऋण की स्वीकृति व बस्सी में बायो गैस प्लांट की स्थापना एवं संचालन हेतु तकनीकी समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

## राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**जयपुर, 10 अगस्त।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, जयपुर पर आज नेता विपक्ष श्री राहुल गॉधी द्वारा वोट चोरी का खुलासा करते हुये प्रस्तुति देने का वीडियो प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक/विधायक प्रत्याशी, प्रदेश पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ता शामिल हुये।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को निर्देशित किया है कि श्री राहुल गॉधी द्वारा वोट चोरी का खुलासा करते हुये जो वीडियो जारी किया गया है उसे सभी जिला कांग्रेस कमेटियों में कल दिनांक 11 अगस्त, 2025 को जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं के समक्ष प्रदर्शित करें।

## घायल युवक की मौत, पत्नी व साढू पर हत्या का आरोप

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अयाना थाना क्षेत्र के रहटोली गांव में घायल युवक की शनिवार दोपहर घर पर मौत हो गई। परिजनों ने उसकी पत्नी और साढू पर हत्या का आरोप लगाया है।रहटोली निवासी मूरत सिंह के बेटे राहुल (23) की शादी दो साल पहले हुई थी। 21 जुलाई को वह पत्नी के साथ कानपुर देहात के मंगलपुर थाना क्षेत्र में साढू की बेटी के जन्मदिन कार्यक्रम में गया था। उसी दिन राहुल की पत्नी ने फोन कर साईं मंदिर औरैया बुलाया, जहां परिजन को राहुल घायल अवस्था में मिला।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का पेंशनर्स के लिए अहम निर्णय

**जयपुर, 10 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुलभ एवं सुचारू संचालन के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने राजस्थान राज्य पेंशनर्स चिकित्सा रियायती योजना-2021 में संशोधन किया है।

वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पेंशनर्स के लिए आरजीएचएस योजना के अन्तर्गत वर्तमान में आउटडोर चिकित्सा सुविधा में दवाइयों के लिए निर्धारित 50 हजार रुपए प्रतिवर्ष एवं जांचों के लिए 5 हजार रुपए की निर्धारित सीमा में वृद्धि के



लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं उसके अधीन राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेन्सी को शक्तियां प्रदान की गई हैं।

इसके तहत ओपीडी दवाइयों के लिए निर्धारित सीमा में 2 लाख रुपए तक के विस्तार के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के अतिरिक्त सीईओ या संयुक्त सीईओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकृत), 2 लाख से 7 लाख रुपए तक के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को प्राधिकृत किया गया है। वहीं 7 लाख रुपए से अधिक के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (प्रशासनिक विभाग) को प्राधिकृत किया गया है।

इसी तरह चिकित्सा जांचों के लिए निर्धारित 5 हजार रुपए की सीमा को बढ़ाने के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्राधिकृत है। उल्लेखनीय है कि निर्धारित सीमा राशि में वृद्धि के लिए पहले यह शक्तियां वित्त विभाग के अधीन थी। जिन्हें अब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया है।

मुख्यमंत्री के इस निर्णय से पेंशनर्स को अपने मेडिकल जरूरतों के मामले में ओपीडी दवाइयों एवं चिकित्सा जांचों की सीमा राशि में शिथिलता प्राप्त करने के लिए अब आवेदन करना और सरल होगा। पेंशनर्स को इसके लिए आरजीएचएस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

## मुरादाबाद जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए शुरू की मेडिकल बोट बोट



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जनपद की 3 तहसीलों के 67 ग्रामों में नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने के मद्देनजर आपातकालीन चिकित्सा सेवा के तहत जिला प्रशासन द्वारा मेडिकल बोट (बोट एम्बुलेंस) का शुभारंभ शनिवार शाम को किया गया। यह बोट एम्बुलेंस बाढ़ प्रभावित गांवों/क्षेत्रों बाढ़ से घिरे लोगों को कुछ चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराएगी। जब तक बाढ़ का प्रभाव रहेगा तब तक यह वोट एम्बुलेंस सुचारू रूप से कार्य करेगी। इस मेडिकल बोट में गर्भवती महिला की डिलीवरी कराने की भी पूरी व्यवस्था है।

जिला आपदा प्रबंध विशेषज्ञ प्रबंध प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार शाम को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एसडीएम सदर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर मेडिकल बोट का शुभारंभ किया गया। यह बोट दो शिफ्टों में काम करेगी। पहली शिफ्ट सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 से सूर्यास्त तक एक्टिव रहेंगी। उन्होंने आगे बताया कि बोट के माध्यम से चिकित्सीय टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में दवाई व अन्य चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराएंगी। बाढ़ की वजह से जो बीमारियां उत्पन्न होती हैं उसके निदान हेतु भी इस मेडिकल बोट दवाई व उपचार की सुविधा रहेगी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गंदे पानी या गंदगी की वजह से कोई बीमारी पैर न पसारे इसके लिए छिड़काव से संबंधित दवाई व केमिकल आदि भी इस बोट के माध्यम से वहां पहुंच जाएंगे। यदि कोई गर्भवती महिला बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसी हुई है तो उसकी डिलीवरी आदि उपचार आदि की सुविधा भी इस बोट में रहेगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए यह मेडिकल बोट की सुविधा आज से शुरू की गई है। प्रशासन का उद्देश्य बाढ़ की वजह से कोई जनहानि ना हो। मेडिकल वोट पर उपलब्ध रहने वाली चिकित्सीय टीम हर तरह के प्राथमिक उपचार की सुविधा प्रदान करने में सक्षम है।

## SXf“,,f·ff>f Af‡f Qe¶fZ‡f ·fMXZ>>f ‡fZ ffQf†fSX A•,,fbQ,,f



**लखनऊ :** राजधानी शहर लखनऊ में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रक्षाबंधन के अवसर पर विवेकानंद आयुर्विज्ञान पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान में जाकर गदाधर अभ्युदय प्रकल्प के बच्चों को रक्षा सूत्र बाधी ।इसी के साथ ही उन्होंने विवेकानंद आयुर्विज्ञान पॉलीक्लिनिक का दौरा किया।

इस मौके पर निराला नगर स्थित रामकृष्ण मठ के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानंद ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया। विवेकानंद हॉस्पिटल में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नर्सिंग कॉलेज की छात्रों से संवाद किया। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक बीके सिंह, कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रधानाचार्य डॉक्टर यन वेंकट लक्ष्मी तथा हॉस्पिटल के अधिकारी स्टाफ मौजूद थे। गदाधर अभ्युदय प्रकल्प के बच्चे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को देखकर गदगद हो उठे। रामकृष्ण मठ के सचिव स्वामी मुक्तिनाथा नंद ने कहां की प्रदेश की राज्यपाल महोदया जिनको देखने के लिए लोग तरसते हो वह खुद आज रामकृष्ण मठ निराला नगर विवेकानंद हॉस्पिटल में बच्चों से मिलने आई यह इस संस्था के लिए गौरव की बात है। अपनी वाणी से हम सभी को उन्होंने मार्गदर्शन भी किया। राज्यपाल महोदया ने स्वामी विवेकानंद जी के चरणों में पुष्प समर्पित किया, और रामकृष्ण मठ में गुरुदेव की आरती उतारी

## दिल्ली के जलभराव ने सरकार के दावों की खोली पोल: देवेंद्र यादव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आज रक्षाबंधन के दिन दिल्ली के कई क्षेत्रों में भारी जलभराव में उतरकर दिल्ली सरकार के खोखले दावों की पोल खोल दी। उन्होंने करोल बाग में सड़कों पर जलभराव में उतरकर जनता की तकलीफों को खुद महसूस करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने दिल्ली में कुछ सुधार नहीं किया। देवेंद्र यादव ने कहा कि 01 से 31 अगस्त तक स्वच्छता अभियान के तहत दिल्ली को बदलने का दावा करने वाली मुख्यमंत्री के झूठ की पोल पूरी तरह खुल चुकी है। मुख्यमंत्री ने 9 जुलाई को भारी बारिश के बाद दावा किया था कि राजधानी में अब कोई जलभराव नहीं होगा, परंतु आज पूरी दिल्ली जलभराव के कारण डूब गई है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जलभराव को रोकने के लिए गाद निकालने और अन्य नागरिक कार्यों के लिए पहले ही करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, फिर भी जब राजधानी के अधिकांश इलाकों में जलजमाव देखने को मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जलभराव और ट्रैफिक जाम को रोकने के सभी आवश्यक कदम उठाने और आश्वासन देने के बावजूद एक बार फिर दिल्ली बारिश के बाद पानी में डूब गई। राजधानी में भारी बारिश के बाद दिल्लीवासियों को रक्षा बंधन की सुबह सड़कों भारी जलभराव और चौक जाम को झेलना पड़ा।

## दिल्ली बॉर्डर पर बढ़ेगी निगरानी

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा को लेकर कमिश्नरेट पुलिस पूरी तरह से सतर्क हो गई है। दिल्ली में हुई कई राज्यों की पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों की मीटिंग के बाद ड्रोन उड़ाने वालों पर पुलिस की खास नजर रहेगी। इसके साथ ही बॉर्डर पर होने वाली गतिविधियों पर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा को लेकर पुलिस ने निर्देश जारी कर दिए हैं। शहर के सभी होटल, पीजी और गेस्ट हाउस में ठहरने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। पुलिस ने इनके संचालकों को पहले से ही निर्देश दिया हुआ है कि वह अपने वहां पर ठहरने वाले सभी लोगों की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करें। इससे पुलिस को पता रहेगा कि कौन- कौन व्यक्ति ठहर रहे हैं। जिस जगहों पर विदेशी नागरिक ठहरते हैं वहां पर पुलिस की तरफ से अतिरिक्त सतर्कता रखी जाएगी। पुलिस की तरफ से नए किरायेदारों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। इसको लेकर स्थानीय पुलिस के साथ ही खुफिया विभाग भी अपने स्तर पर जानकारी में जुटा हुआ है।

## राजधानी में खतरे के निशान के पास बह रही यमुना

**नई दिल्ली।** राजधानी में यमुना नदी खतरे के निशान के पास बह रही है। ऐसे में यमुना पुराने रेलवे पुल पर सुबह 9 बजे 204.40 मीटर के निशान पर पहुंच गई, जो 204.50 मीटर के चेतावनी स्तर के करीब है। इसको मद्देनजर रखते हुए स्थिति पर नजर रखी जा रही है और सभी संबंधित एजेंसियों को बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए एहतियाती कदम उठाने को कहा गया है। वहीं, केंद्रीय बाढ़ कक्ष के एक अधिकारी ने कहा कि जलस्तर में वृद्धि का मुख्य कारण वजीराबाद और हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जाना है। उन्होंने कहा कि जलस्तर में वृद्धि हरियाणा और उत्तराखंड के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश के चलते होने की संभावना है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार, वजीराबाद बैराज से हर घंटे लगभग 30,800 क्यूसेक और हथिनीकुंड बैराज से लगभग 25,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं, चेतावनी का निशान 204.5 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 205.3 मीटर है, और निकासी 206 मीटर पर शुरू होती है। बैराज से छोड़े गए पानी को दिल्ली पहुंचने में आमतौर पर 48 से 50 घंटे लगते हैं। ऊपरी इलाकों से कम पानी छोड़े जाने पर भी जल स्तर बढ़ रहा है, जो दिल्ली में चेतावनी के निशान के करीब पहुंच रहा है।

## मेनहोल में गिरकर ढाई साल के बच्चे की मौत

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र के खेड़ा खुर्द गांव में सुबह गली में खेलने के दौरान ढ़ाई वर्षीय बच्चा खुली नाली में गिर गया। नाली से होता हुआ वह सीवर में चला गया। करीब पांच घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद बच्चे को सीवर से बाहर निकाला गया। उसे तुरंत राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की शिनाख्त निकुंज के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक निकुंज



अपने पिता पंकज, मां और दो बड़ी बहनों के साथ खेड़ा खुर्द स्थित लोहार वाली गली में रहता था। शनिवार सुबह करीब 10 बजे निकुंज घर के बाहर गेंद खेल रहा था। गेंद नाली में चला गया। वह गेंद को निकालने के लिए नाली की ओर दौड़ा, तभी उसका पैर फिसला और वह नाली में गिर गया। नाली से होते हुए वह सीधा सीवर के अंदर चला गया। बारिश होने की वजह से नाले में पानी का पानी का तेज बहाव था। निकुंज के गायब होने की जानकारी के बाद परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन कहीं बच्चा नहीं मिला। उसके बाद परिवार वालों ने आस पास के सीसीटीवी कैमरे की जांच की, जिसमें पता चला कि बच्चा नाली में गिर गया है। पीड़ित परिवार ने इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी। पुलिस और अन्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस और ग्रामीणों ने बच्चे की तलाश शुरू की।

## पंजाब से कश्मीर घाटी पहुंची पहली मालगाड़ी, पीएम मोदी बोले- बढ़ेगी प्रगति और समृद्धि

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पंजाब के रूपनगर से पहली बार एक मालगाड़ी सफलतापूर्वक कश्मीर घाटी के अनंतनाग गुड्स शेड तक पहुंची। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिक्रिया दी। पीएम मोदी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के एक्स पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में वाणिज्य और कनेक्टिविटी के लिए यह एक बेहतरीन दिन है। इससे प्रगति और समृद्धि दोनों बढ़ेंगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि पंजाब से पहली मालगाड़ी कश्मीर घाटी में नवनिर्मित अनंतनाग गुड्स शेड पहुंची, जो कश्मीर क्षेत्र को राष्ट्रीय माल ढुलाई नेटवर्क से जोड़ने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रेलवे नेटवर्क द्वारा परिवहन से कश्मीर घाटी में रहने वाले हमारे नागरिकों के लिए लागत कम होगी।

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने



कहा कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए एक ऐतिहासिक विकास में, पंजाब के रूपनगर से पहली बार एक मालगाड़ी सफलतापूर्वक कश्मीर घाटी के अनंतनाग गुड्स शेड तक पहुंची है। यह कश्मीर क्षेत्र को राष्ट्रीय माल ढुलाई नेटवर्क से जोड़ने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीमेंट से लदी मालगाड़ी के आगमन से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी आएगी और कश्मीर के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि उद्घाटन मालगाड़ी में सीमेंट के 21 बीसीएन वैगन लदे थे। लगभग 600 किलोमीटर की यह यात्रा 18 घंटे से भी कम समय में नवनिर्मित अनंतनाग गुड्स शेड पर पूरी हुई। यह आयोजन कश्मीर क्षेत्र में लॉजिस्टिक और आर्थिक विकास के एक नए युग का समर्थन करने के लिए इसकी तत्परता को दर्शाता है। इस ट्रेन में परिवहन किए जाने वाले सीमेंट का उपयोग कश्मीर घाटी में सड़कों, पुलों, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और आवासीय भवनों के निर्माण सहित महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभूतपूर्व यात्रा के लिए लॉजिस्टिक व्यवस्था को सटीकता के साथ क्रियान्वित किया गया। 7 अगस्त की रात 11:14 बजे उत्तर रेलवे को एक इंडेंट भेजा गया, जिसके बाद अगले दिन 8 अगस्त को सुबह 9:40 बजे रेक की व्यवस्था की गई। 8 अगस्त की शाम 6:10 बजे लदान पूरा हो गया और ट्रेन शाम 6:55 बजे पंजाब के रूपनगर स्थित गुजरात अंबुजा सीमेंट लिमिटेड (जीएसीएल) सुविधा से रवाना हुई। मालगाड़ी को इलेक्ट्रिक वेब-9 लोकोमोटिव द्वारा ले जाया गया, जो राष्ट्रीय रेल नेटवर्क की आधुनिक क्षमताओं को दर्शाता है। इस पहली मालगाड़ी का आगमन न सिर्फ एक लॉजिस्टिकल उपलब्धि है, बल्कि प्रगति और एकीकरण का एक सशक्त प्रतीक है, जो एक अधिक संबद्ध और समृद्ध कश्मीर घाटी का मार्ग प्रशस्त करता है।

## ट्रंप-पुतिन बैठक पर सहमति का भारत ने किया स्वागत




**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष ब्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक के लिए बनी सहमति का स्वागत करते हुये भारत ने कहा कि यूक्रेन में शांति स्थापना के प्रयासों में समर्थन के लिए वह तैयार है।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'अमेरिका और रूस के बीच 15 अगस्त को अलास्का में बैठक के लिए बनी सहमति का भारत स्वागत करता है।' बयान में कहा गया है, इस बैठक में यूक्रेन में जारी संघर्ष को समाप्त करने और शांति की स्थापना की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मौकों पर कहा है, यह युद्ध का युग नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत इस बैठक का समर्थन करता है और इन प्रयासों में सहयोग के लिए तैयार है।

इससे पहले श्री ट्रंप ने कहा था कि वह 15 अगस्त को अलास्का में श्री पुतिन के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'मेरे और पुतिन के बीच बैठक अगले शुक्रवार, 15 अगस्त 2025 को (अमेरिका के) अलास्का प्रांत में होगी।'

## 'भारत छोड़ो आंदोलन दिवस' की वर्षगांठ पर कांग्रेस ने टॉउन हॉल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भारत छोड़ो आंदोलन दिवस की वर्षगांठ पर चांदनी चौक के ऐतिहासिक टॉउन हॉल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने ने कहा कि आज जिस स्वतंत्र हवा में हम सांस ले रहे है, उसके लिए आज ही के दिन 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने 'करो या मरो' का नारा देते हुए अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की।

इसके 5 वर्षों के बाद 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों को देश छोड़कर जाना पड़ा। आज के दिन को क्रांति दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर देवेंद्र यादव के अलावा पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार हारुन यूसूफ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक हरीशंकर गुप्ता और आसिफ मौहम्मद खान मौजूद रहे। देवेंद्र यादव ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं उस कांग्रेस पार्टी का सैनिक हूं जिसने देश को आजादी दिलाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश



को शिक्षा, तकनीकी के क्षेत्र दुनिया के बराबर लाकर खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि 9 अगस्त उन क्रांतिकारियों को याद करने का दिन है, जो देश को आजादी दिलाने के लिए शहीद हुए थे। उन क्रांतिकारियों के बलिदान को भुलाया नही जा सकता। आंदोलन के आगाज के बाद अंग्रेजों ने 60 हजार से अधिक लोगों को जेल में डाल दिया। देश भर में छिड़े आजादी के आंदोलन में नेता ही नही आम जनता, महिलाएं, छात्र, किसान और मजदूर भी महात्मा गांधी के संदेश पर अपने प्राणों की चिंता किए बिना खुलकर शामिल हुए।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री को जलभराव और जल संकट को लेकर लिखा पत्र

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जलभराव और गंभीर जल संकट को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा कि जलभराव की वजह से कई इलाकों में यातायात ठप है और कई इलाकों में पानी लोगों के घरों में घुस गया है। जलभराव ने कालकाजी में संकट पैदा कर दिया है। गिरि नगर भूमिगत जलाशय (यूजीआर) का पंपिंग स्टेशन बारिश के बाद पूरी तरह पानी में डूब गया है। यह यूजीआर और इसका पंपिंग स्टेशन एक महत्वपूर्ण सुविधा है जो कालकाजी, गिरि नगर, गोविंदपुरी और गोविंदपुरी एक्सटेंशन के बड़े इलाकों में पानी की आपूर्ति करता है। पंप पूरी तरह पानी में डूबे हुए हैं और इसलिए काम नहीं कर रहे हैं। इसकी वजह से कालकाजी, गिरि नगर, गोविंदपुरी और गोविंदपुरी एक्सटेंशन में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। आतिशी ने पत्र में लिखा कि दिल्ली सरकार के इस कुप्रबंधन के कारण, कालकाजी के निवासियों को कम से कम 2-3 दिनों तक पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। हजारों घरों को पानी की आपूर्ति करने वाला यह पंपिंग स्टेशन बंद पड़ा है और आपकी सरकार की ओर से भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। आज जब पूरा देश रक्षाबंधन का महत्वपूर्ण त्यौहार मना रहा है, कालकाजी के लोग गिरि नगर यूजीआर में पानी के पंप खराब होने का दंश झेलने को मजबूर हैं। इलाके में पहले से ही पानी की भारी किल्लत है, मैंने विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाया था। पंपिंग स्टेशन बंद होने से मामला और भी बदतर हो गया है। आतिशी ने कहा कि यह सिर्फ कालकाजी का मामला नहीं है। कुछ ही घंटों की बारिश ने पूरे शहर को थाम सा दिया है। हर जगह जलभराव है। आपकी सरकार की उदासीनता के कारण रक्षाबंधन मनाने के लिए यात्रा करने वाले लोगों को घंटों ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है, यह प्रशासनिक लापरवाही का सीधा परिणाम है। बार-बार चेतावनी के बावजूद सरकार महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करने में विफल रही है। ऐसा लगता है कि मात्र छह महीनों में चार इंजनों वाली भाजपा की सरकार ठप हो गयी है। ऐसी स्थिति न केवल निवासियों के लिए गंभीर कठिनाई पैदा करती है, बल्कि मानसून संबंधी चुनौतियों से निपटने में प्रशासन की तैयारियों पर भी चिंताएं पैदा करती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि वे लोक निर्माण एवं जल संसाधन मंत्री प्रवेश साहिब सिंह को क्षेत्र में जलापूर्ति बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दें।

## कपिल सिब्बल बोले-जगदीप धनखड़ लापता, मुझे चिंता है, अमित शाह से जानकारी मांगी, बोले-नहीं बताया तो जाएंगो सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक सार्वजनिक जीवन से गायब होने को लेकर गंभीर चिंता जताई है। सिब्बल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से इस मामले में स्पष्ट बयान देने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि जानकारी नहीं दी गई, तो वे सुप्रीम कोर्ट में हैबियस कॉर्पस याचिका दायर करेंगे। सिब्बल ने कहा, मुझे उनकी चिंता हो रही है। इस्तीफे के बाद से हमें उनकी कोई जानकारी नहीं है। पहले 'लापता लेडीज' के बारे में सुना था, लेकिन यह पहली बार है जब 'लापता' उपराष्ट्रपति के बारे में सुन रहा हूं। उन्होंने आगे कहा कि गृह मंत्रालय को धनखड़ के बारे में निश्चित तौर पर जानकारी होगी, और इसलिए अमित शाह को खुद इस पर सार्वजनिक बयान देना



चाहिए।सिब्बल का दावा है कि उन्होंने फोन पर संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन धनखड़ के पीए ने केवल इतना कहा कि 'वे आराम कर रहे हैं।' इसके बाद न तो कॉल रिसीव हुआ, न कोई जवाब मिला। कई अन्य नेताओं ने भी यही शिकायत दोहराई है।

**राज्यसभा में चर्चा की कोशिश नाकाम**

7 अगस्त को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे पर चर्चा के लिए दी गई द्रमुक सांसद अब्दुल वहाब की स्थगन सूचना को नियम 267 के तहत खारिज कर दिया।

**इस्तीफा और विवाद**

पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर अपना पद छोड़ दिया था। यह जानकारी 22 जुलाई को राज्यसभा में दी गई।

लेकिन विपक्षी दलों का मानना है कि यह इस्तीफा केवल स्वास्थ्य कारणों से नहीं, बल्कि संभवतः किसी राजनीतिक दबाव का नतीजा है। 74 वर्षीय धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक तय था। खास बात यह है कि इस्तीफे से ठीक 11 दिन पहले, 10 जुलाई को उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था–ईश्वर की कृपा रही तो अगस्त 2027 में रिटायर हो जाऊंगा।

## आयोग ने फिर कहा-राहुल शपथ दें या माफी मांगे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** । चुनाव आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोप में फिर कहा है कि इस मामले में वह शपथ पत्र दें या देश से माफी मांगे। आयोग के सूत्रों ने फिर दोहराया कि श्री गांधी वोट चोरी का जो भी आरोप लगा रहे हैं अगर




वही सही है तो उसको लेकर वह शपथ पत्र दें और यदि वह ऐसा नहीं करते हैं वह देश से माफी मांगे। आयोग ने पहले भी इसी तरह से श्री गांधी से शपथ पत्र देने या माफी मांगने के लिए कहा था। श्री गांधी ने दो दिन पहले यहां प्रेस कांफ्रेंस कर सबूतों के साथ कर्नाटक की महादेवपुरा सीट का विवरण देते हुए बताया कि इस सीट में असंख्य फर्जी पते पर मतदाता पहचान पत्र बनाये गये हैं और एक ही पते पर दर्जनों लोगों के नाम दर्ज हैं। इस संबंध में उन्होंने कई सबूतों के साथ दस्तावेज पेश किये और आरोप लगाया कि एक लाख से अधिक फर्जी वोट तैयार किये गये हैं।

## पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार के अस्पताल में लगी भीषण आग, एक की मौत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** । पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार स्थित एक अस्पताल में भीषण आग लग गई, जिससे मरीजों में हड़कंप मच गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत की खबर आ रही है। यह घटना शाहदरा के आनंद विहार थाना क्षेत्र में स्थित कॉसमॉस स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल की है, जहां अचानक आग लग गई। आग लगने से पूरे अस्पताल में धुआं भर गया, जिससे मरीजों का दम घुटने लगा। इसके साथ ही कॉसमॉस स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में जो मरीज एडमिट थे, वे क्रिटिकल केस में पहुंच गए, उन्हें तुरंत रेस्क्यू कर पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में काम करने वाले लोग भी बेहोशी की हालत में रेस्क्यू किए गए। दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इसके साथ ही मरीजों को निकालने के लिए फायर ब्रिगेड की आधुनिक मशीनों का प्रयोग किया गया। इस दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर का प्रयोग कर अधिकारियों ने अस्पताल के अंदर प्रवेश किया। अस्पताल के शीशे को तोड़कर मरीजों और स्टाफ को बाहर निकाला गया। स्टाफ ने बताया कि धुएं की वजह से चारों ओर अंधेरा था। सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। बजे आग लगी और धुआं ऊपर वाले फ्लोर की ओर से उठ रहा था। मौके पर फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां पहुंचीं। फायर ब्रिगेड की दो टीमें बनाई गईं। एक टीम मरीजों का रेस्क्यू कर रही थी और दूसरी टीम आग बुझा रही थी। करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया गया। अधिकारी



घटना के बाद दमकल विभाग के अधिकारी अशोक कुमार जायसवाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कॉसमॉस स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के ग्राउंड फ्लोर में दोपहर 12:12 ने बताया कि अस्पताल से 11 लोगों का रेस्क्यू किया गया, जिसमें से एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमित के रूप में हुई है, जो अस्पताल में काम करता था।

## युवक की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी मेंगोलीकांड हुआ। एक युवक को सिर में गोली मार दी गई। मृतक की पहचान 28 वर्षीय कपिल के रूप में हुई है। घटना के कुछ ही घंटे बाद पुलिस ने आरोपित 20 वर्षीय शिवम यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल भी बरामद हुई है। जांच में पता चला कि कपिल का शिवम की बहन से संबंध था। इससे आरोपित नाराज था। कुछ दिन पहले कपिल ने शिवम की पत्नी पर टिप्पणी भी की थी। इसी का बदला लेने के लिए आरोपित ने हत्या की योजना बनाई।

कपिल सी-बलॉक नंद नगरी में रहता था। उसके परिवार में तीन भाई, दो बहनें और मां हैं। पिता की मौत हो चुकी है। कपिल एसी रिपेयरिंग का काम करता था और शिवम को भी उसने यही काम सिखाया था। क्राइम टीम और एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## विधानसभा मानसून सत्र के चौथे दिन की कार्यवाही का संचालन करते विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि आठवीं विधानसभा का तीसरा सत्र 4 से प्रारंभ होकर 8 अगस्त को पांच बैठकों के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस दौरान कुल 19 घंटे 40 मिनट की अवधि में विधायी, वित्तीय और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर व्यापक एवं सार्थक चर्चाएं हुईं। इस सत्र के लिए 28 जुलाई को सदस्यों को समन जारी किया गया था और बैठकें 4, 5, 6, 7 और 8 अगस्त को आयोजित हुईं।

विजेंद्र गुप्ता ने एक बयान में बताया कि नियम 280 के अंतर्गत कुल 171 विशेष उल्लेख सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 62 विषय सदन में उठाए गए। ये विषय दिल्ली के नागरिक, प्रशासनिक और नीतिगत मसलों से संबंधित थे जिन्हें संबंधित विभागों को भेजकर 30 दिनों के भीतर उत्तर देने के निर्देश दिए गए हैं। इस सत्र में तीन महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए। इसमें दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक,



2025, दिल्ली माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 और दिल्ली माल एवं सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025 शामिल हैं। विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि 2022 में उद्घाटित तथाकथित 'फांसी घर' के विषय में सदन को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इसके निर्माण पर 1,04,49,279 रुपये खर्च हुए, जिससे विधानसभा की धरोहर इमारत को क्षति पहुंची और जनता को गुमराह किया गया।

उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण अभिलेख एवं प्रतिवेदन सदन पटल पर रखे गए। इसमें वित्तीय एवं विनियोग लेखा, वर्ष 2023-24,भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षककी वित्त, विनियोग लेखा, राज्य वित्त और भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण पर रिपोर्टें शामिल हैं। इसके साथ-साथ दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग, जियोस्पैशियल दिल्ली लिमिटेड, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय और डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली की रिपोर्टें सदन में प्रस्तुत की गई। निर्माण श्रमिक कल्याण पर सीएजी की रिपोर्ट को आगे की जांच के लिए लोक लेखा समिति को भेजा गया।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि तीसरे सत्र ने न केवल महत्वपूर्ण विधायी कार्यों को आगे बढ़ाया बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और ऐतिहासिक सत्यनिष्ठा के मूल्यों को भी कायम रखा। गंभीर बहस, जन मुद्दों की गहन समीक्षा और महत्वपूर्ण कानून पारित कर सदन ने एक बार फिर दिल्ली की जनता और संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण दिया है।

## दिल्ली के करावल नगर में पत्नी और दो बच्चों की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर की शहीद भगत सिंह कॉलोनी में रक्षा बंधन के दिन एक सनसनीखेज हत्याकांड हुआ। सुबह करीब 7:15 बजे एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो मासूम बेटियों की गला घोंटकर हत्या कर दी।पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान 28 वर्षीय जयश्री, 7 वर्षीय इशिका और 5 वर्षीय अंटू के रूप में हुई। जयश्री रक्षा बंधन पर मायके जाने की जिद कर रही थी। पति प्रदीप कुमार (33) ने गुस्से में आकर उनकी हत्या कर दीं। सूचना मिलते ही उत्तर-पूर्वी जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, क्राइम टीम और एफएसएल मौके पर पहुंचे। तीनों के शव कमरे में पड़े मिले और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए। प्रारंभिक जांच में गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश



शुरू की है। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा के अनुसार जयश्री मूल रूप से बुलंदशहर के औरंगाबाद (डिबाई) की रहने वाली थी और वर्ष 2017 में करावल नगर निवासी प्रदीप से उसका विवाह हुआ था। प्रदीप का आजादपुर मंडी में फलों का कारोबार है। मृतका के भाई चंद्रभान ने आरोप लगाया कि प्रदीप शराब पीने और जुआ खेलने का आदी था और आए दिन जयश्री से झगड़ा करता था। कई बार उसने उसे घर से निकाल भी दिया था हत्या की सूचना के बाद तीन टीमें आरोपित की तलाश में लगाई गयी। कुछ ही घंटों में पुलिस ने प्रदीप को इलाके से दबोच लिया। पूछताछ में उसने पत्नी और बेटियों की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। हालांकि, हत्या की असली वजह जानने के लिए पुलिस आगे की पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही मामले की पूरी सच्चाई सामने आएगी।

# शहरी हरियाली को बचाने जागरूक होते नागरिक

**जयपुर तथा अन्य स्थानों में जमीनी स्तर पर आकार ले रहे आंदोलन हमें बताते हैं कि पर्यावरण के मुद्दे दरअसल आम लोगों के मुद्दे हैं**



जयपुर तथा अन्य स्थानों में जमीनी स्तर पर आकार ले रहे आंदोलन हमें बताते हैं कि पर्यावरण के मुद्दे दरअसल आम लोगों के मुद्दे हैं। आम नागरिक खासकर युवा, प्रकृ ति के अधिकारों के लिए, स्वच्छ हवा में सांस लेने और अपने आसपास प्रकृति के साथ रहने के अपने अधिकारों के लिए शहरी परिदृश्यों में भी तेजी से खड़े हो रहे हैं।जयपुर में पिछले लगभग तीन दशकों से फल-फू ल रहा तकरीबन 105 एकड़ का प्राकृतिक रूप से विकसित वन अभ्यारण्य %डोल का बाध% इस समय एक नई लड़ाई का केंद्र बन गया है जिस पर पूरे देश का ध्यान केंद्रित हो रहा है। इसे बचाने की कोशिश कर रहे एक आंदोलन और एक मॉल, एक फिनटेक पार्क और आवासीय भवनों के निर्माण के लिए ध्वस्त करने पर तुले बुलडोजरों के बीच छिड़े मुकाबले में गुलाबी शहर के अंतिम %ग्रीन लंग% का भाग्य दांव पर लगा है।इस योजना का विकास कर रहे राजस्थान औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) का तर्क है कि मॉल और टेक पार्क एक बड़ी व्यावसायिक परियोजना का हिस्सा हैं जो आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के लिए आवश्यक है। इस योजना के विरोधियों का कहना है कि ये ढांचे कहीं और भी खड़े किए जा सकते हैं और 2,400 पेड़ों, पक्षियों की 80 से ज़्यादा प्रजातियों (जिनमें से कुछ लुप्तप्राय हैं, कई प्रवासी हैं) तथा नीलगाय, साही, नेवला, सांप, मोर आदि जैसे देशी वन्य जीवों वाले इस जंगल को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।शहर के केंद्र में प्रकृति के इस दुर्लभ रत्न को संरक्षित करने और पर्यावरण विरोधी विकास एजेंडे के देश के अन्य हिस्सों में ऊपर से नीचे की, जमीनी स्तर से उठे अन्य आंदोलनों में इसकी गूंज दिखाई देती है। इस अर्थ में जयपुर के आंदोलन में मुंबई के आरे जंगल को बचाने के लंबे समय से चले आ रहे प्रयासों की प्रतिध्वनि है, जहां मेट्रो रेल कार शेड के लिए जगह बनानी पड़ी है या दक्षिण दिल्ली के जहांपनाह जंगल में साइकिल यात्रा की योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन अथवा एक जलाशय परियोजना से खतरे में पड़े देहरादून के खलंगा जंगल का मामला है, जिसके लिए साल प्रजाति के लगभग 2,000 वृक्षों को काटना पड़ेगा।शहरी वन कई मूल्यवान पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं प्रदान करते हैं जिनमें कार्बन पृथक्करण, बेहतर वायु और जल गुणवत्ता एवं कम ध्वनि प्रदूषण शामिल हैं। उदाहरण के लिए मुंबई में आरे वन क्षेत्र में बड़ी संख्या में पेड़ काटे जाने के पहले जिस किसी भी व्यक्ति ने वहां का दौरा किया है, उसने पूरे वर्ष तापमान में स्पष्ट गिरावट देखी; ठंडी और स्वच्छ हवा ने हज़ारों लोगों को बेहतर सांस लेने व उसे %भारत के सबसे व्यस्त शहरों% की भीड़-भाड़ से दूर रहने के लिए इस क्षेत्र की ओर आकर्षित किया।जयपुर से बहुत दूर स्थित कोच्चि शहर भी अनियोजित शहरी विस्तार के कारण घटते वृक्षावरण की वजह से बाढ़ और अत्यधिक गर्मी के खतरों का सामना कर रहा है। उपग्रह आंकड़ों के अनुमान बताते हैं कि कोच्चि की लगभग 31 प्रतिशत आबादी 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में रहती है और शहर की करीब 26 फीसदी आबादी बाढ़ के मैदानों में रहती है। स्थानीय अधिकारी तथा नेता शहर की नई आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन योजना में वनों की व्यापक भूमिका की मांग कर रहे हैं। कोच्चि नगर निगम अब केरल राज्य का महिलाओं द्वारा संचालित गरीबी उन्मूलन मिशन %कुदुम्बश्री% जैसे स्थानीय समुदाय-आधारित संगठनों और अन्य समूहों के साथ मिलकर वृक्षारोपण एवं वनं को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है।शहरी शासन और विकास पर काम करने वाली संस्था %नागरिका% ने शहरी वृक्षावरण के क्षरण के मुद्दे की जांच की है व कम कार्बन उत्सर्जन वाले शहरों के लिए शहरी वानिकी के महत्व पर प्रकाश डाला है। शहरी वानिकी की चुनौतियां तथा लाभ एक जटिल प्रणाली है लेकिन इस सर्वमान्य और प्रमाण आधारित दृष्टिकोण से इनकार नहीं किया जा सकता कि वृक्षावरण के क्षरण से शहरी ऊष्मा द्वीप बढ़ सकते हैं जिससे तापमान में वृद्धि होगी और ठंडक पाने के लिए ऊर्जा की खपत बढ़ेगी।बहुत से लोग शहरों को पेड़ों से नहीं जोड़ते और यह नहीं समझते कि शहरी क्षेत्र स्वस्थ वनों पर निर्भर हैं। शहरों के भीतर लगे पेड़ गर्मी को कम करते हैं, मिट्टी व पानी को रिचार्ज करते हैं और मनोरंजन के लिए जगह प्रदान करते हैं। शहरों के आसपास के जलग्रहण क्षेत्रों में लगे पेड़ पीने के पानी को छानते हैं और बाढ़ और भूस्खलन रोकने में मदद करते हैं।

जयपुर तथा अन्य स्थानों में जमीनी स्तर पर आकार ले रहे आंदोलन हमें बताते हैं कि पर्यावरण के मुद्दे दरअसल आम लोगों के मुद्दे हैं। आम नागरिक खासकर युवा, प्रकृ ति के अधिकारों के लिए, स्वच्छ हवा में सांस लेने और अपने आसपास प्रकृति के साथ रहने के अपने अधिकारों के लिए शहरी परिदृश्यों में भी तेजी से खड़े हो रहे हैं। वे जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों के प्रति भी संवेदनशील हैं एवं इसके विरुद्ध खड़े होकर प्रतिरोध करने को तैयार हैं।

यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन है जिसे नज़रंदाज़ नहीं किया जाना चाहिए। यह वास्तव में भारत तथा उसकी परंपराओं के लोकाचार पर आधारित है जो प्रकृति के प्रति श्रद्धा और सम्मान दर्शाते हैं, जहां हर पहाड़ और नदी को प्रार्थना स्थल या शांत चिंतन के स्थान के रूप में मान्यता दी जाती है। इस भूमि पर प्रकृति के प्रति श्रद्धा ईशोपनिषद से आती है-

## पेड़ों से मिलने वाले ये 10 तेल हैं आपकी स्किन के लिए वरदान



**त्वचा को किसी भी मौसम में मॉइस्चराइज करना नहीं भूलना चाहिए. इसके लिए मार्केट में आपको ढेरों ऑप्शन मिल जाएंगे, लेकिन नेचुरल ऑयल एक बेहद असरदार तरीका है, क्योंकि इससे नमी के साथ ही त्वचा को पोषण भी मिलता है. इस आर्टिकल में जानेंगे पेड़ों से मिलने वाले 10 तेलों के बारे में जो त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद रहते हैं.**

पॉल्यूशन भी आज के समय में स्किन प्रॉब्लम की एक बड़ी वजह बन गया है. इसके अलावा केमिकल वाले ब्यूटी प्रोडक्ट से भी ज्यादातर लोग दूरी बनाते हैं और नेचुरल को चीजों को अब काफी पसंद किया जाने लगा है. त्वचा को मॉइस्चराइज करने के लिए आज मार्केट में ढेरों मॉइस्चराइजर के ऑप्शन मिल जाएंगे, लेकिन पहले के टाइम में लोग नेचुरल तेलों का इस्तेमाल किया करते थे, जो आपकी स्किन में न सिर्फ नमी बनाए रखते हैं बल्कि गहराई से पोषण भी देते हैं. नारियल तेल, बादाम तेल, ऑलिव ऑयल आदि के बारे में तो आपने सुना ही होगा. इसके अलावा भी पेड़ों से मिलने वाले कई नेचुरल ऑयल हैं जो आपकी स्किन से जुड़ी प्रॉब्लम्स से भी छुटकारा दिला सकता हैं.

नेचुरल ऑयल आपकी त्वचा को नमी देकर हेल्दी और प्राकृतिक रूप से चमकदार भी बनाते हैं. ये तेल खासतौर पर सेंसिटिव-ड्राई स्किन वालों के लिए और भी फायदेमंद रहते हैं. रोजाना रात को फेस वॉश के बाद किसी एक नेचुरल ऑयल की बूंदे हाथ पर लेकर अपने फेस पर मसाज करने से ब्लड सर्कुलेशन भी सुधरता है, जिससे एजिंग के ल7णों को कम करने में भी मदद मिलती है. इस आर्टिकल में पेड़ों से मिलने वाले 10 ऐसे तेलों के बारे में जानेंगे जो आपकी त्वचा को मॉइस्चराइज करने के साथ ही अलग-अलग समस्याओं को कम करने में हेल्पफुल हैं.

**नीम का तेल:** त्वचा पर मुंहासे हो या फिर किसी भी तरह की एलर्जी फोड़े-फुंसी. नीम का तेल बेस्ट रहता है, क्योंकि इसमें एंटीबैक्टीरियल प्रॉपर्टीज होती हैं.

**चंदन का तेल:** त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ ही हील भी करना हो तो आपके लिए चंदन ऑयल बेस्ट रहेगा. ये त्वचा को ठंडक भी पहुंचाता है.

**टी-ट्री ऑयल:** स्किन के लिए ये तेल भी किसी वरदान से कम नहीं है. ये ऑयल त्वचा के पोर्स को क्लीन करने के साथ ही फुंसी, स्किन इंफेक्शन से बचाव करता है.

**नागकेसर का तेल:** त्वचा के दाग-धब्बों को हटाकर ये स्किन टोन को सुधारने में हेल्प करता है और स्किन इरिटेशन, पफीनेस को कम करता है.

**यूकेलिप्टस का तेल:** ये तेल आपकी त्वचा को रिलैक्स दिलाता है और कील-मुहांसों से लेकर खुजली की समस्या को कम करता है.

**कपूर का तेल:** त्वचा पर अगर खुजली, इचिंग हो तो कपूर का तेल काफी फायदेमंद रहता है साथ ही ये दाग-धब्बों को कम करने में कारगर रहता है.

**शिरीष का तेल:** ये ऑयल अपने डिटॉक्सिफाइंग गुणों के लिए जाना जाता है, इसलिए न सिर्फ त्वचा को पोषण देता है, बल्कि गहराई से क्लींजिंग भी करता है.

**महुआ का तेल:** स्किन के लिए ये एक बेहतरीन मॉइस्चराइजर है. ये आपकी त्वचा को सॉफ्ट बनाता है.

**नीलगिरी का तेल:** ये तेल आपकी त्वचा को संक्रमण से बचाने के साथ ही त्वचा को डिटॉक्स करने में भी हेल्पफुल रहता है और स्किन को ग्लोइंग बनाता है.

**खैर का तेल:** इस तेल को भी एंटीसेप्टिक गुणों के लिए जाना जाता है. ये घावों को भरने और दाग-धब्बे हल्के करने में हेल्पफुल रहता है.

संपादकीय

## आपदा की वजह

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद स्थित धराली में आई आपदा ने देश-दुनिया को गहरे तक आहत किया है। मलबे और बाढ़ के पानी के सैलाब ने जिस तरह घरों, होटलों व बगीचों तथा खेत-खलिहानों को तबाह किया, उसने आम लोगों को भयभीत किया। पहाड़ की भौगोलिक जटिलताओं व बचाव के संसाधन पहुंचाने में देरी से राहत कार्य बाधित हुआ है। निस्संदेह, हादसे से जुड़ा पहलू यह भी है कि तंत्र की अनदेखी व खीरगंगा के विस्तार क्षेत्र की आशंकाओं को नजरअंदाज करके जो निर्माण किया गया, वह सैलाब की जद में आया। सवाल यह है कि वे कौन से कारण थे कि बेहद तीव्र वेग से आये सैलाब ने लोगों को भागने तक का मौका नहीं दिया। हालांकि, मरने वालों की वास्तविक संख्या सामने नहीं आयी है, लेकिन सैलाब की भयावहता को देखकर अंदाजा लगाना कठिन नहीं है कि जनधन की बड़ी हानि हुई होगी। असली सवाल यह है कि ये आपदा कैसे आयी। आजकल ऐसे हादसों की साधारण व्याख्या होती है कि हादसा बादल फटने से हुआ। लेकिन धराली में आपदा की वजह बादल फटना मानने को वैज्ञानिक तैयार नहीं हैं। वैज्ञानिक इस वजह से बादल फटने के तर्क को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार 4-5 अगस्त को उस क्षेत्र में महज आठ से दस मिमी बारिश ही हुई थी। वैज्ञानिक मानक के अनुसार बादल फटने की घटना तब होती है जब उस इलाके में 100 मिमी से अधिक बारिश हुई हो। दरअसल, धराली गांव के पीछे डेढ़-दो किलोमीटर लंबा और बेहद घना जंगल है। दोनों तरफ ऊंचे व तीव्र ढलान वाले पहाड़ हैं। जिस खीरगंगा में फ्लैश फ्लड आया है, वो उन्हीं घने जंगलों से होकर गुजरती है। वैज्ञानिक एक तर्क पर विचार कर रहे हैं कि कहीं घने जंगलों वाले इलाके में भूस्खलन की वजह से पानी का प्रवाह रुक गया होगा, जिसके बाद अस्थाई झील टूटने से आपदा आई होगी।

दरअसल, इस जल प्रलय की जद में आने वाला क्षेत्र फ्लड प्लेन इलाके में बसा है। उसके ऊपर के इलाके में बर्फीले पर्वत बताए जाते हैं। यह हकीकत है कि धराली और उसके आस-पास बेहद संकरी घाटी और ऊंचे पहाड़ हैं। वैज्ञानिकों का तर्क है कि बादल फटने के बाद आने वाला जल प्रवाह इतना तेज नहीं होता। पहले इसकी गति धीमी होती है, कालांतर में गति तेज हो जाती है। इसी वजह से वैज्ञानिक तूफानी गति से पानी-मलबा आने की वजह अस्थायी झील का टूटना बता रहे हैं। भूस्खलन या ग्लेशियर टूटने से झील का पानी सैलाब में बदल गया। इस आशंका को मानने की एक वजह यह भी है कि आपदा वाले दिन जो पानी नीचे आया वह काले रंग का था। साथ मलबा स्लेटी रंग का था।

तर्क है कि ऐसा काला पानी व स्लेटी रंग का मलबा पहले से जमा हुए स्थान के टूटने के बाद ही आता है। ऐसी ही स्थिति वर्ष 2021 में चमोली जनपद के ऋषिगंगा हादसे के दौरान एक अस्थायी झील टूटने के बाद जमा मलबे के बहकर आने के वक्त देखी गई थी। दरअसल, वैज्ञानिक पहले भी आशंका जताते रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते बढ़ते तापमान की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। पिघली बर्फ के पानी से बनी झीलें कालांतर भूस्खलन या बादल फटने के बाद टूट जाती हैं और सैलाब तेज ढलान पर उतरकर तबाही लाता है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 की केदार घाटी में आई आपदा भी चोराबारी झील के टूटने से निकले सैलाब की वजह से हुई थी। दूसरी विडंबना यह भी है कि ग्लोबल वार्मिंग व बढ़ते तापमान की वजह से ऊंचे पहाड़ों में बारिश की प्रकृति में कुछ वर्षों से बदलाव आया है। सामान्यत- तीन चार हजार मीटर की ऊंचाई पर पहले बर्फबारी होती थी, बारिश नहीं। लेकिन अब लगातार होती बारिश से ग्लेशियर टूट रहे हैं। जो कालांतर अस्थायी झील पर गिरते हैं तो झील का पानी पहाड़ों के तीव्र ढलान पर तेजी से बहता है। जब उसके साथ मलबा, पत्थर व मिट्टी मिल जाती है तो उसकी धार मारक हो जाती है। बहरहाल, वास्तविक स्थिति सेटेलाइट इमेज से ही स्पष्ट हो पाएगी।

# पशुओं से मिली आजीविका की नई राह

**खेत में डंठल व पुआल आदि सड़कर जैव खाद बनाते थे और पशुओं के गोबर से भारत समेत दुनिया में आज भी खेती और पशुपालन ही सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले क्षेत्र हैं**

खेत में डंठल व पुआल आदि सड़कर जैव खाद बनाते थे और पशुओं के गोबर से भारत समेत दुनिया में आज भी खेती और पशुपालन ही सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले क्षेत्र हैं। पशुधन ग्रामीण आजीविका का बड़ा स्रोत है। इससे आवश्यक भोजन, रेशे, ऊर्जा, और दवा सभी प्राप्त होती है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था केवल खेती-किसानी से ही नहीं, पशुपालन और छोटे-छोटे लघु-कुटीर उद्योग व लघु व्यवसायों से संचालित होती रही है। भारतीय व्यंजनहाल ही मेरा बिलासपुर जाना हुआ, जो जन सहयोग सहयोग संस्था का कार्यक्षेत्र है। वैसे तो यह संस्था स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय है। लेकिन इस संस्था ने बीमारी के इलाज के साथ उसकी रोकथाम पर भी खासा जोर दिया है। बिलासपुर के पास गनियारी कस्बे में अस्पताल है, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम है, जो करीब 70 गांवों में चल रहा है। इसका जैविक खेती का कार्यक्रम भी हिस्सा है। आज इस कॉलम में इसी अनोखी पहल पर चर्चा करना चाहूंगा, जिससे यह समझ आ सके कि गांव में किस तरह टिकाऊ आजीविका के साथ स्वास्थ्य को बेहतर किया जा सकता है.यह आदिवासी बहुल इलाका है। यहां के बाशिन्दे गोंड और बैगा आदिवासी हैं। इसके अलावा, पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोग हैं। यह अत्यंत निर्धन इलाकों में से एक है, जहां से बड़ी संख्या में पलायन भी होता रहा है। यहां के मजदूरों की पहचान बिलासपुरिहा मजदूर के नाम से होती है। बिलासपुर से अमृतसर एक ट्रेन चलती है, जिसे छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस भी कहा जाता है, इससे यहां के मजदूर दिल्ली व पंजाब जैसे स्थानों पर जाते रहे हैं।जन स्वास्थ्य सहयोग के डॉ. गजानन बताते हैं कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छा पोषण चाहिए। पोषण की सोच से ही जैविक खेती और पशु स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू हुआ था। इसका उद्देश्य पशुधन में बढ़ोतरी करना है। पशुओं में होने वाली बीमारियों की लोगों को समझ हो, और उनके गांव में उनका इलाज हो सके। इसके साथ ही, खेती में सुधार, रोजगारों में बढ़ोतरी होनी चाहिए। लोगों की आमदनी बढ़नी चाहिए। आजीविका सुनिश्चित होनी चाहिए, यह भी सोच बनी। इस लिहाज से पशु स्वास्थ्य कार्यक्रम से लोगों की आजीविका सुदृढ़ होती है। विशेषकर,छोटे किसानों की, पशुपालकों और महिलाओं की आजीविका को बेहतर करना जरूरी है, जो पीछे छूटते जा रहे हैं।पशु स्वास्थ्य कार्यक्रम से जुड़े महेश शर्मा बताते हैं कि यह कार्यक्रम करीब 50 गांवों में चल रहा है। इस कार्यक्रम के लिए 7 पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं, जिनका चयन गांव के समुदायों द्वारा किया गया है। कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया है। शुरूआत में पशु स्वास्थ्य के प्रशिक्षण में पुणे की अंतरा संस्था और इसी नाम की एक अन्य हैदराबाद की संस्था ने सहयोग दिया था। संस्था के प्रशिक्षणकर्ता एक साल तक जन स्वास्थ्य सहयोग में आए और स्थानीय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया था। इसके बाद हमने भी वहां जाकर प्रशिक्षण लिया।वे आगे बताते हैं कि पूर्व में हमने स्थानीय जड़ी-बूटियों की परंपरागत चिकित्सा पद्धति से मवेशियों का इलाज किया। उस समय महिला पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाद में इस कार्यक्रम से युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया, जो वर्तमान में कार्यरत हैं।इस कार्यक्रम के तहत् पशुओं की छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज किया जाता है। जैसे दस्त, पेट फूलना, गलघोंटू, खुरहा, चोट लगना, घाव, बुखार, एकटंगिया इत्यादि। टीकाकरण का काम स्वास्थ्य कार्यकर्ता करते हैं। शासकीय पशु स्वास्थ्य केन्द्रों से टीका उपलब्ध हो जाते हैं, जिन्हें पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता लगाते हैं। यानी इस कार्यक्रम में सरकार का भी सहयोग है।पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सहयोग के लिए पशु चिकित्सक डॉ. पीयूष दुबे हैं, जो गंभीर व जटिल बीमारियों में मार्गदर्शन करते हैं। और स्वयं भी ऑपरेशन व हड्डी जोड़ने, कृत्रिम गर्भाधान इत्यादि करते हैं। इस कार्यक्रम के तहत गाय, भैंस, बैल,बकरी, सुअर, कुत्ते, मुर्गा सभी का इलाज किया जाता है।पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता भगत मरकाम और नौहर मरावी ने बताया उन्हें इस काम ने नया आत्मविश्वास दिया है। वह दवाओं का बैग लेकर मवेशियों के इलाज के लिए जाते हैं। उनकी मान्यता तब और बढ़ गई जब टीकाकरण के साथ-साथ कृमि मुक्ति के लिए दवाओं का असर देखा गया। संस्था जैविक खेती व किचिन गार्डन में भी सहयोग



करती है। जैविक खेती से पशुओं के लिए चारा भी हो जाता है।

इस पहल से ग्रामीणों को जल्द ही पता चल गया कि गांव के समुदाय से ही पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता काम करते हैं, जिनसे जब भी ज़रूरत हो, बहुत कम खर्च मवेशियों का इलाज करवाया जा सकता है। वे गांव में ही सहज उपलब्ध हैं, और उन्हें जरूरत पड़ने पर तत्काल बुलाया जा सकता है। इस कार्यक्रम के तहत कुछ मौसमी बीमारियों के लिए पहले से भी तैयारी की जाती है। दवाओं और टीका का भंडारण पूर्व से ही कर लिया जाता है।उन्होंने बताया कि जब प्रशिक्षण के बाद अपना काम शुरू किया तो कुछ ग्रामीणों ने उनके कौशल पर संदेह जताया। लेकिन धीरे-धीरे इस स्थिति में बदलाव आया। इसके बाद उन्हें गांव वालों की स्वीकृति और सम्मान मिला और तब से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

पशुओं का महत्व पोषण, आजीविका की दृष्टि से है, साथ ही जन स्वास्थ्य सहयोग ने लघु गोबर गैस प्लांट को भी प्रोत्साहित किया है। शुरूआत में संस्था के कार्यकर्ता होमप्रकाश साहू और बम्हनी के ग्रामीण ने इस प्लांट को लगाया है। यह दोनों प्लांट बहुत अच्छे से संचालित हैं। इस प्लांट में मवेशियों के गोबर से उपयोग से रसोई गैस चलती है। इससे जो जैव खाद बनती है, उसे वे किचिन गार्डन व खेतों में उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। इस प्लांट की लागत भी 7-8 हजार रूपए हैं और इसे सरलता से बनाया जा सकता है।गांवों में बकरी पालन भी आजीविका का स्रोत है। लेकिन कई बार बकरियों में अचानक से बीमारी आ जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में वे मर जाती हैं। अब उनकी त्वरित चिकित्सा होने के कारण बकरियों से आमदनी हो जाती है। बकरी पालन,ऐसा काम है, जिसे बुजुर्ग व अकेली महिलाएं भी आसानी कर लेती हैं, इससे उन्हें जीविकोपार्जन में बड़ी मदद मिलती है। यह दर्शाता है कि इससे इन परिवारों की आजीविका पर इसका बहुत महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।कुल मिलाकर, इस कार्यक्रम की सफलता को दो स्तरों पर देखा जा सकता है। सबसे पहले,चूंकि मवेशियों की पशु चिकित्सा उपेक्षित थी,गांव में पशुओं का इलाज नहीं होता था। इसलिए इस मॉडल ने पशु आधारित आजीविका की संभावनाओं को बढ़ाने में मदद की है और वह भी स्वस्थ व टिकाऊ तरीके से। पोषण की दृष्टि से भी यह उपयोगी है। दूध और मांस भी सहजता से उपलब्ध हो जाता है। आमदनी भी बढ़ी है।दूसरा, महिला और युवाओं के कौशल के प्रति सम्मान और आदर भी बढ़ा है। पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सीखना और कौशल विकास उम्मीद से कहीं अधिक रहा है, क्योंकि वे बहुत सी ऐसी चीजें जल्दी सीख रहे हैं, जिनके बारे में पहले सोचा जाता था कि यह अधिक कठिन या समय लेने वाला होगा।इस कार्यक्रम का एक और आयाम है आधुनिक चिकित्सा पद्धति को पारंपरिक ज्ञान और प्रथाओं के साथ मिलाना। संस्था ने समुदाय के साथ मिलकर इस दिशा में अच्छा काम किया है, जिससे स्थायी, टिकाऊ आजीविका का सुरक्षा हो सके।

दूसरी तरफ खेत में डंठल व पुआल आदि सड़कर जैव खाद बनाते थे और पशुओं के गोबर से भारत समेत दुनिया में आज भी खेती और पशुपालन ही सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले क्षेत्र हैं। पशुधन ग्रामीण आजीविका का बड़ा स्रोत है। इससे आवश्यक भोजन, रेशे, ऊर्जा, और दवा सभी प्राप्त होती है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था केवल खेती-किसानी से ही नहीं, पशुपालन और छोटे-छोटे लघु-कुटीर उद्योग व लघु व्यवसायों से संचालित होती रही है। मवेशी एक तरह से लोगों के फिक्स्ड डिपॉजिट हुआ करते थे, जिन्हें बहुत जरूरत पड़ने पर वे बेच देते थे। भारतीय व्यंजन

यह क्षेत्र जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही संकट में है। खेती में बदलाव का भी इस पर असर पड़ा है। खेतों में ट्रेक्टर व हारवेस्टर आने से बैलों का खेतों से रिश्ता टूट रहा है। रासायनिक खेती अब पारंपरिक खेती का स्थान ले रही है। लेकिन हम पशुधन के संरक्षण और संवर्धन को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करें तो अधिक टिकाऊ, प्राकृतिक खेती और पर्यावरण की दृष्टि से उपयुक्त और सामाजिक रूप से अधिक संवेदनशील बनने में मदद मिलेगी।

## कपड़ा, रसायन जैसे सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों को समर्थन दे सकती सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार अमेरिका की तरफ से लगाए गए 50 प्रतिशत सीमा शुल्क से प्रभावित होने वाले कपड़ा एवं रसायन उद्योग जैसे क्षेत्रों को समर्थन देने को लेकर प्राथमिकता दे सकती है। उद्योग सूत्रों ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह सहायता निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत दी जाएगी। निर्यात प्रोत्साहन मिशन की घोषणा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में की गई थी। मिशन के लिए 2,250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। वाणिज्य मंत्रालय ने कपड़ा और रसायन क्षेत्र के निर्यातकों के साथ बैठक की जिसमें अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों के संभावित प्रभाव और राहत उपायों पर चर्चा हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारतीय आयात पर लगाए गए शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। इसमें रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर जुर्माने के तौर पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए आसान ऋण योजनाएं, ई-कॉमर्स निर्यातकों को सहयोग, विदेशी गोदामों की सुविधा और वैश्विक ब्रांडिंग पहलों जैसे उपाय शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा, 'सरकार इस मिशन के तहत उन क्षेत्रों को समर्थन देने की योजना बना रही है, जो अमेरिकी शुल्कों से सबसे अधिक प्रभावित होंगे।'

## जियो 6जी प्रौद्योगिकी के विकास पर कर रही काम: वार्षिक रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** डिजिटल सेवा कंपनी जियो 6जी प्रौद्योगिकी के विकास में सक्रिय रूप से लगी हुई है और कंपनी का लक्ष्य इस क्षेत्र में अगुवा बनने का है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, जियो अब दुनिया का सबसे बड़ा 'डेटा ऑपरेटर' है। भारत में वायरलेस डेटा ट्रैफिक में इसकी हिस्सेदारी लगभग 60 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''जियो भविष्य की संचार प्रौद्योगिकियों पर काम करना जारी रखे हुए है और 6जी प्रौद्योगिकी पर सक्रिय रूप से शोध एवं विकास कर रही है। इसका लक्ष्य इसके विकास और उपयोग में वैश्विक अगुवा बनना है।'' जियो की मूल कंपनी आरआईएल की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट कहती है, ''एक दशक से भी कम समय में जियो ने अपने दृष्टिकोण औरजनिवेश के साथ देश को डेटा के अभाव से डेटा की प्रचुरता की स्थिति में पहुंचा दिया है।'' कंपनी स्थलीय संचार नेटवर्क के निर्माण में जियो की प्रौद्योगिकी क्षमता बढ़ाने के लिए अपना स्वयं का उपग्रह संचार मंच भी बना रही है। साथ ही भारत में अपने ग्राहकों को स्टारलिंक की ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेसएक्स के साथ साझेदारी कर रही है। जियो नेटवर्क पर मार्च 2025 तक लगभग 19.1 करोड़ 5जी उपयोगकर्ता थे। इनका वायरलेस डेटा ट्रैफिक में लगभग 45 प्रतिशत का योगदान था। कंपनी ने मार्च 2025 तक लगभग 1.8 करोड़ घरों को जोड़ा है और वित्त वर्ष के दौरान उद्योग से जुड़े कुल ग्राहकों में इसकी हिस्सेदारी लगभग 85 प्रतिशत रही।

## जून तिमाही में म्यूचुअल फंड के 1.67 करोड़ एसआईपी खाते खुले: उद्योग निकाय

**नई दिल्ली।** प्रतिकूल बाजार परिस्थितियों के बीच खुदरा निवेशकों की मजबूत भागीदारी होने से चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में म्यूचुअल फंड उद्योग में 'व्यवस्थित निवेश योजना' (एसआईपी) खातों में तेज उछाल देखा गया। उद्योग निकाय एम्फी ने यह जानकारी दी। म्यूचुअल फंड उद्योग के शीर्ष संगठन 'एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया' (एम्फी) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में कुल 1.67 करोड़ नए एसआईपी खाते खुले, जबकि जनवरी-मार्च तिमाही में 1.41 करोड़ खाते खुले थे। डिजिटल मंच 'ग्रो' अकेले 41.9 लाख नए एसआईपी खाते जोड़कर 25 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे रहा। अकेले जून में ही 'ग्रो' पर 15.7 लाख नए खाते खोले गए जो किसी भी वितरक द्वारा एक माह में सर्वाधिक है। इस तिमाही में मूल्य के लिहाज से 'ग्रो' पर 1,116 करोड़ रुपये के एसआईपी पंजीकरण हुए जो पिछली तिमाही की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है। एंजल वन 15 लाख नए एसआईपी खातों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। पारंपरिक वितरकों में एनजे इंडिया इन्वेस्ट ने 5.9 लाख, एसबीआई ने 4.3 लाख और एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने 3.8 लाख खाते जोड़े। फोनपे ने भी छोटे निवेशकों की अधिकता के साथ 5.9 लाख खाते जोड़े। जून तिमाही में इक्विटी बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद खुदरा निवेशकों का भरोसा मजबूत बना रहा।

## भारतीय ऑटो मार्केट में 'गेम चेंजर' बनने को तैयार सिट्रोन, नई रणनीति 'सिट्रोन 2.0' का ऐलान

**नई दिल्ली।** फ्रांस की ऑटोमोबाइल कंपनी सिट्रोन ने भारत में अपने अगले बड़े कदम के रूप में नई रणनीति 'सिट्रोन 2.0 - नए की ओर कदम' पेश की है। इस योजना का मुख्य फोकस अपडेटेड मॉडल पेश करना, रिटेल नेटवर्क का विस्तार करना और ग्राहकों को बेहतर अनुभव देना है। कंपनी का कहना है कि यह स्ट्रेटजी पूरी तरह भारतीय ग्राहकों के फीडबैक पर आधारित है और इसका उद्देश्य सिट्रोन को देश में एक सुलभ और महत्वाकांक्षी ब्रांड के रूप में स्थापित करना है। नई रणनीति के तहत छ्3, एयरक्रॉस और बेसाल्ट कूपे स्ठ्ठ मॉडल्स में एडवांस्ड इंटीरियर, अपग्रेडेड कनेक्टिविटी और बेहतर कम्फर्ट फीचर्स जोड़े जाएंगे। कंपनी का दावा है कि ये बदलाव भारत में मौजूद इंजीनियरिंग टीमों के इनपुट के साथ तैयार हो रहे हैं, ताकि स्थानीय ड्राइविंग जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 98त्न तक लोकलाइजेशन सुनिश्चित किया जा सके।

# भारत का रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपए - राजनाथ सिंह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में वार्षिक रक्षा उत्पादन बढ़कर 1,50,590 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। भारत का रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 25 में 1.51 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचा, जो पिछले साल के 1.27 लाख करोड़ रुपए से 18 फीसदी अधिक है और 2019-20 के 79,071 करोड़ रुपए से 90 फीसदी ज्यादा है। रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) और अन्य पीएसयू का कुल उत्पादन में लगभग 77 प्रतिशत योगदान रहा, जबकि निजी क्षेत्र का योगदान 23 प्रतिशत रहा। निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 21 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 23 प्रतिशत हो गई है, जो दिखाता है कि देश के रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भूमिका बढ़ रही है। रक्षा मंत्री ने इस उपलब्धि को हासिल करने में रक्षा उत्पादन विभाग और



सभी हितधारकों - डीपीएसयू, सार्वजनिक क्षेत्र के निर्माताओं और निजी उद्योग के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह दिखाता है कि भारत का रक्षा उद्योग लगातार मजबूत हो रहा है।उद्योग के सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों ने वर्ष-दर-वर्ष लगातार वृद्धि प्रदर्शित की है, जिसका श्रेय दूरगामी नीतिगत सुधारों, व्यापार करने में आसानी में वृद्धि और पिछले दशक में स्वदेशीकरण पर रणनीतिक ध्यान को दिया जा सकता है। वित्त वर्ष 2024-25 में डीपीएसयू और निजी क्षेत्र का समग्र उत्पादन क्रमशः 16 प्रतिशत और 28 प्रतिशत बढ़ा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह रिकॉर्ड बताता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत रक्षा विनिर्माण में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने की सरकार की कोशिशें रंग ला रही हैं।सरकार का जोर आयात पर निर्भरता कम करने और एक ऐसा रक्षा उद्योग बनाने पर है जो न केवल भारत की ज़रूरतों को पूरा करे बल्कि निर्यात की क्षमता को भी बढ़ाए। निरंतर नीतिगत समर्थन, निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी और निर्यात क्षमता के विस्तार के साथ, भारत का रक्षा उत्पादन क्षेत्र आने वाले वर्षों में और तेजी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

## फास्ट फूड से लेकर बैग तक होंगे महंगे, इन ब्रांड्स ने बढ़ाए दाम




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। अमेरिका में इम्पोर्ट होने वाले कई उत्पादों की कीमतें बढ़ गई हैं और लोगों को इनके लिए ज्यादा पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। Adidas, Walmart, Nike जैसी बड़ी कंपनियों ने या तो अपने उत्पादों के दाम बढ़ा दिए हैं या जल्द ही बढ़ाने की तैयारी में हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सिर्फ शुरुआत है, आने वाले समय में कीमतों में और इजाफा देखने को मिल सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने 90 से अधिक देशों से आयात होने वाले सामान पर टैरिफ लगा दिया है। इसके चलते न केवल अंतरराष्ट्रीय ब्रांड बल्कि अमेरिकी ब्रांड भी कीमतें बढ़ाने पर मजबूर हो रहे हैं। स्पोर्ट्सवियर से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स और लग्जरी प्रोडक्ट्स तक कई सेक्टर्स में दाम बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

## सरकार ने आयकर विधेयक 2025 वापस लिया, 11 अगस्त को पेश होगा नया विधेयक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पेट्रोलियम लॉबी पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण 20 प्रतिशत करने के मुद्दे पर लोगों के मन में डर पैदा कर रही है। उन्होंने एक मीडिया समूह के परिचर्चा कार्यक्रम के एक सत्र में कहा कि एथेनॉल मिले पेट्रोल से वाहन के माइलेज में थोड़ी कमी आ जाती है, पर इससे वाहन को नुकसान होने जैसी बात नहीं है। मंत्री ने कहा कि ब्राजील जैसे कई देशों में तो 100 प्रतिशत एथेनॉल ब्लेंडिंग हो रही है। भारत में 27 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण का परीक्षण चल रहा है, लेकिन इसे लागू करने का अभी कोई समय तय नहीं है। श्री गडकरी ने कहा कि एथेनॉल20 के मुद्दे को पेट्रोलियम लॉबी गलत ढंग से पेश कर रही है। यह बात सही है कि ई20 से वाहन का औसत माइलेज कुछ कम हो जाता है, पर क्या हम खनिज ईंधन से होने वाले प्रदूषण और ईंधन आयात पर अपना खर्च कम नहीं करना चाहते जो 22 लाख करोड़ रुपये का



है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर इस बात की चिंता फैलाई जा रही है कि सरकार के ई20 शुरू करने से वाहनों को नुकसान हो रहा है, पर ईंधन खर्च में कोई कमी नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि एथेनॉल मिश्रण पर पुणे की ऑटोमोटिव अनुसंधान एसोसिएशन (एआरएआई) अनुसंधान करती है और रिपोर्ट देती है। उससे पहले सरकार कोई फैसला नहीं करती। श्री गडकरी ने कहा कि देश में चावल, मक्का और गेहूं इफरात में है। एथेनॉल कार्यक्रम के चलते मक्के का भाव 1,200 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2,600 रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि अभी सड़क निर्माण का औसत 38 किमी प्रति दिन है जिसे 100 किमी तक पहुंचाने का लक्ष्य है। चालू वित्त वर्ष में 2.5 लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं का ठेका दिया जा चुका है और आशा है यह मार्च के अंत तक 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जायेगा।

## चावल सस्ता, गेहूँ-चीन महँगी, दालों-खाद्य तेलों में घट-बढ़

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल के दाम घट गये जबकि गेहूँ महँगा हो गया। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। चीनी की कीमत बढ़ गयी। चावल की औसत कीमत करीब नौ रुपये की नरमी के साथ 3,802.20 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूँ 10 रुपये महँगा हुआ और 2,849.23 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी लगभग 22 रुपये की मजबूती के साथ 3,317.21 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 177 रुपये प्रति क्विंटल महँगा हुआ। मूँगफली तेल में 102 रुपये की गिरावट रही। वनस्पति 14 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। पाम ऑयल 35 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल का भाव 61 रुपये और सोया तेल का 104 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया।

दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत पाँच रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। चना दाल 15 रुपये और



तुअर दाल करीब 99 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गयी। उड़द दाल में 44 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, दाल मूँग आठ रुपये प्रति क्विंटल महँगी हुई।

गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव 60 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गये। चीनी भी 31 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक महँगी हुई।

# संचार साथी ऐप छह महीने मे 50 लाख बार से अधिक हुआ डाउनलोड

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सुरक्षा बढ़ाने और आम लोगों को सशक्त करने के उद्देश्य से इस साल जनवरी में जारी 'संचार साथी' ऐप को 50 लाख से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने देश की व्यापक भाषाई और क्षेत्रीय विविधता को ध्यान में रखते हुए अंग्रेजी, हिंदी और 21 क्षेत्रीय भाषाओं को सपोर्ट करके ऐप की पहुंच का विस्तार किया है। इस ऐप ने धोखाधड़ी वाले कॉल और संदेशों की रिपोर्टिंग को और भी आसान बना दिया है। अब यूजर कुछ ही टैप में सीधे अपने कॉल और एसएमएस लॉग से रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं। संचार मंत्रालय की जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि संचार साथी पहल के तहत 5.35 लाख से ज्यादा खोए या चोरी हुए मोबाइल हैंडसेट वापस मिल चुके हैं। आम लोगों की रिपोर्ट के आधार पर एक करोड़ से ज्यादा अनधिकृत मोबाइल कनेक्शन




काटे गये हैं, और 'चक्षु' सुविधा के जरिए चिह्नित 29 लाख से ज्यादा मोबाइल नंबरों को निष्क्रिय किया गया है। संचार साथी पोर्टल पर 16.7 करोड़ से ज्यादा लोग विजिट कर चुके हैं, जो इस नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म में जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। दूरसंचार विभाग ने वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई) भी लागू किया है, जो वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम से जुड़े मोबाइल नंबरों का आकलन और वर्गीकरण करता है। यह उपकरण बैंकों, एनबीएफसी और यूपीआई सेवा प्रदाताओं को उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाने में सक्षम बनाता है। परिणामस्वरूप, 34 वित्तीय संस्थानों ने एफआरआई रेटिंग के आधार पर 10.02 लाख बैंक खातों/भुगतान वॉलेट को फ्रीज कर दिया है और 3.05 लाख खातों में लेन-देन पर प्रतिबंध लगा दिये हैं। 16 मई 2023 को लॉन्च किये गये पोर्टल की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, दूरसंचार विभाग ने 17 जनवरी 2025 को संचार साथी मोबाइल ऐप लॉन्च किया था, जो उपयोगकर्ताओं को दूरसंचार सुरक्षा सेवाओं तक सीधी और सुविधाजनक पहुंच प्रदान करता है। एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध यह ऐप उपयोगकर्ताओं को अपनी दूरसंचार पहचान की सुरक्षा करने और संभावित धोखाधड़ी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने में सक्षम बनाता है।संचार साथी मोबाइल ऐप की मदद से संदिग्ध धोखाधड़ी संचार की रिपोर्ट की जा सकती है, अपने नाम पर जारी सिम का पता लगाया जा सकता है, खोये या चोरी हुये हैंडसेट को ब्लॉक कराया जा सकता है।

## बीएसपी : कोक ओवन बैटरी-7 के अस्थायी हीटिंग कार्य की औपचारिक शुरुआत



**एजेंसी**

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) में 'कोक ओवन बैटरी-7 और कोक ओवन बैटरी-8 के पुनर्निर्माण' परियोजना के तहत शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई। आज कोक ओवन बैटरी-7 के अस्थायी हीटिंग कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई। कोक ओवन बैटरी के औपचारिक लाइट-अप का शुभारंभ निदेशक प्रभारी (सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र) चित्त रंजन महापात्र ने किया, जिससे हीटिंग प्रक्रिया की शुरुआत हुई। यह परियोजना सीओबी-7 और सीओबी-8 के लगभग पांच दशक पूर्व कमीशनिंग के बाद पहली बार की जा रही है जिसमें दोनों बैटरियों के डेक स्लैब को हटाकर पुनर्निर्माण किया गया। कार्य की जटिलता को देखते हुए इसके क्रियान्वयन में सूक्ष्म-स्तरीय योजना, महत्वपूर्ण गतिविधियों की पहचान, तथा सामग्री आपूर्ति की निरंतर वास्तविक-समय निगरानी आवश्यक रही, ताकि समयबद्धता सुनिश्चित की जा सके।

# टाटा मोटर्स के मुनाफे में 62 प्रतिशत की भारी गिरावट, आय भी घटी

**एजेंसी**

**मुंबई।** देश की अग्रणी वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स का समेकित मुनाफा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 62.19 प्रतिशत घटकर 4,003 करोड़ रुपये रह गया। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 10,587 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शुक्रवार को जारी पहली तिमाही के परिणाम में बताया कि इस दौरान परिचालन से प्राप्त आय भी 2.47 फीसदी कम होकर 1,05,926 करोड़ रुपये रह गयी। पिछले साल की समान तिमाही में यह आँकड़ा 1,08,612 करोड़ रुपये रहा था। टाटा मोटर्स ने बताया कि तिमाही के दौरान उसके सभी कारोबारों में संख्या के लिहाज से वाहनों की बिक्री प्रभावित हुई है जिसका असर वित्तीय परिणामों पर

पड़ा है। जगुआर लैंड रोवर की आय रुपये में 2.5 प्रतिशत और ब्रिटिश पाउंड में 9.2 प्रतिशत घट गयी। टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहनों की आय में 4.7 प्रतिशत और यात्री वाहनों की आय में 8.2 प्रतिशत की गिरावट आयी है। यात्री वाहनों के कारोबार में 129 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कंपनी ने कहा कि माँग के मोर्चे पर निकट भविष्य में भी स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी रहने की संभावना है।

टाटा मोटर्स के समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी पी.बी. बालाजी ने कहा कि कड़ी चुनौतियों को बावजूद पहली तिमाही में कंपनी ने मुनाफा कमाया है। आयात शुल्क पर स्पष्टता और त्योहारी माँग आने से प्रदर्शन में सुधार की उम्मीद है। कंपनी ने बताया कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बीच जगुआर लैंड रोवर ने लगातार 11वीं तिमाही में मुनाफा कमाया है। अच्छे मानसून और रेपो दरों में इस साल की गयी कटौती के कारण आने वाले समय में टाटा मोटर्स को वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। यात्री वाहनों की बिक्री में पहली तिमाही के अंत में कुछ अच्छी खबरें आयी हैं। टियेगो और अल्ट्रोज की बुकिंग जून में 22 प्रतिशत बढ़ी। हैरियर.ईवी को बाजार में उतारने के बाद उसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। जुलाई में ईवी की रिकॉर्ड मासिक बिक्री हुई।

# रीगल रिसोर्सेस का आईपीओ 12 अगस्त को खुलेगा

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** रीगल रिसोर्सेस लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 12 अगस्त को खुलेगा।कंपनी ने यहाँ जारी बयान में कहा कि उसने अपने आईपीओ के लिए प्रति इक्विटी शेयर 96 रुपये से 102 रुपये के बीच कीमत तय की है। हर शेयर का अंकित मूल्य पांच रुपये है। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए मंगलवार, 12 अगस्त से खुलेगा और गुरुवार, 14 अगस्त को बंद होगा। निवेशक कम से कम 144 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 144 शेयरों के मल्टीपल में बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ में फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल दोनों हैं। इसमें कंपनी के प्रवर्तकों और प्रवर्तक समूह के शेयरहोल्डर 94,12,000 इक्विटी




शेयर बेचेंगे। नये शेयर जारी करने से प्राप्त 210 करोड़ रुपये में से 159 करोड़ रुपये तक का इस्तेमाल कंपनी के कुछ कर्ज को चुकाने या उसका आंशिक भुगतान करने के लिए होगा। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में मुख्यालय वाली रीगल रिसोर्सेस देश में मक्का आधारित विशेष उत्पादों की सबसे बड़ी विनिर्माताओं में से एक है।

## रुपया तीन पैसे टूटा, 87.61 रुपये प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी निवेशकों की बिकवाली और शेयर बाजारों में गिरावट के कारण रुपया दबाव में रहा और उतार-चढ़ाव के बीच अंत में तीन पैसे टूटकर 87.61 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा लगातार दूसरे दिन मजबूत होकर 87.58 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपये की शुरुआत आज दो पैसे की




बढ़त के साथ 87.56 रुपये प्रति डॉलर पर हुई। उतार-चढ़ाव के बीच यह 87.5250 रुपये और 87.75 रुपये प्रति डॉलर के दायरे में रहा। कारोबार की समाप्ति पर तीन पैसे नीचे 87.61 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने आज भारतीय पूँजी बाजार से 58.896 करोड़ डॉलर की शुद्ध निकासी की जिससे रुपये पर दबाव रहा। हालाँकि दुनिया की अन्य छह प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर के कमजोर पड़ने से रुपये की गिरावट सीमित रही।

# दिवाली पर लंबी छुट्टी जाने वालों को राउंड ट्रिप के रेल किराये में छूट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने त्योहारी सीजन के दौरान लंबी छुट्टी जाने वालों के लिए राउंड ट्रिप (आने-जाने दोनों) का टिकट बुक कराने पर मूल किराये में 20 प्रतिशत छूट की घोषणा की है। रेलवे की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस योजना का उद्देश्य त्योहारों के दौरान भीड़-भाड़ को नियंत्रित करना, बुकिंग प्रक्रिया को सरल बनाना और ट्रेनों का कुशल परिचालन सुनिश्चित करना है। यात्री जाने और वापसी यात्रा की बुकिंग एक साथ कराने पर ही इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। दोनों यात्राओं के लिए यात्री विवरण, यात्रा श्रेणी तथा मूल और गंतव्य स्थान की जोड़ी समान होनी चाहिये।

इस योजना के अंतर्गत बुकिंग 14 अगस्त से शुरू होगी और जाने की यात्रा 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर बीच की जा सकेगी, जबकि वापसी की यात्रा 17 नवंबर से एक दिसंबर के बीच शुरू होनी चाहिये। योजना के तहत बुकिंग के लिए अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) की 60 दिन की




सीमा लागू नहीं होगी। यात्रियों को वापसी यात्रा के मूल किराए पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। योजना के तहत बुकिंग सिर्फ कन्फर्म टिकटों मिलने पर ही करायी जा सकेगी। बुकिंग ऑनलाइन (आईआरसीटीसी वेबसाइट या ऐप) या रेलवे आरक्षण काउंटर के माध्यम से की जा सकती है, लेकिन दोनों यात्राओं की बुकिंग का माध्यम एक समान होना चाहिए। इस योजना में बुक टिकटों पर किराया वापसी या संशोधन की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। इसके अलावा, रेल यात्रा कूपन, वाउचर, पास या पीटीओ जैसी अन्य छूटें लागू नहीं होंगी।

रेलवे के अनुसार, यह योजना सभी श्रेणियों और ट्रेनों पर लागू होगी, जिसमें विशेष ट्रेनें (ऑन-डिमांड ट्रेनें) भी शामिल हैं, लेकिन फ्लेक्सी किराया वाली ट्रेनों को इस योजना से बाहर रखा गया है। रेलवे ने सभी क्षेत्रीय रेलों के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों को इस योजना को लागू करने और उसकी पुष्टि करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) को सॉफ्टवेयर में आवश्यक बदलाव करने तथा आईआरसीटीसी एवं कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन को सूचित करने को कहा गया है।

रेलवे बोर्ड के निदेशक (यात्री विपणन) प्रवीण कुमार ने बताया कि यह योजना रेल मंत्रालय के वित्त निदेशालय की सहमति से प्रारंभ की गयी है, जिसका उद्देश्य त्योहारी सीजन में यात्रियों को सस्ती और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराना है। रेलवे ने सभी यात्रियों से समय पर बुकिंग कर इस योजना का लाभ लेने की अपील की है।

## ट्रंप प्रशासन ने पर्यावरण एजेंसी में यूनियन कर्मचारियों का अनुबंध समाप्त किया

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में संघीय कर्मचारियों के सामूहिक सौदेबाजी (कलेक्टिव बार्गेनिंग) अधिकारों को सीमित करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (ईपीए) ने अपने यूनियनकृत कर्मचारियों के साथ अनुबंध समाप्त कर दिया है। यह जानकारी एजेंसी के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन के अध्यक्ष जस्टिन चेन ने बयान जारी कर दी। अमेरिकन फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट एम्प्लॉइज (एएफजीई) का ईपीए चैप्टर लगभग 8,000 कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है और उसने इस फैसले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। विशेषज्ञों के अनुसार, यूनियन समझौते खत्म करने से एजेंसियों के लिए कर्मचारियों को अनुशासित करना या नौकरी से निकालना आसान हो जाएगा। ईपीए प्रवक्ता ने बयान में कहा कि एजेंसी राष्ट्रपति ट्रंप के मार्च में जारी उस कार्यकारी आदेश को लागू कर रही है, जिसमें संघीय श्रम-प्रबंधन संबंध कार्यक्रमों से छूट शामिल है। यह आदेश 30 से अधिक संघीय एजेंसियों में सामूहिक सौदेबाज़ी अधिकार समाप्त करने से जुड़ा है और वर्तमान में अदालत में चुनौती के दौर से गुजर रहा है।

## लूला और पुतिन ने अमेरिका शिखर सम्मेलन से पहले यूक्रेन शांति प्रयासों पर की चर्चा

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को लगभग 40 मिनट तक बातचीत की, जिसमें पुतिन ने अमेरिका के साथ अपनी हालिया वार्ताओं और रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे शांति प्रयासों की जानकारी साझा की। ब्राजीलियाई राष्ट्रपति भवन के अनुसार, दोनों नेताओं ने उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संगठन ब्रिक्स में सहयोग और मौजूदा अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक एवं आर्थिक हालात पर भी चर्चा की। पुतिन और लूला के बीच यह संवाद उन लगातार हो रही अंतरराष्ट्रीय बातचीतों का हिस्सा है, जिन्हें पुतिन अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से संभावित मुलाकात से पहले अंजाम दे रहे हैं। बीते दिन पुतिन ने चीन, भारत सहित ब्रिक्स के अन्य सदस्य देशों और मध्य एशिया व यूरोप के कई राष्ट्राध्यक्षों से भी संपर्क किया था, ताकि अमेरिका के साथ अपनी बातचीत और यूक्रेन युद्ध पर विचार-विमर्श की जानकारी दे सकें। ब्राजील और अमेरिका के बीच हाल के दिनों में तनाव बढ़ा है। ट्रंप प्रशासन ने ब्राजीलियाई वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक का आयात शुल्क लगाया है, जिसे ट्रंप ने अपने सहयोगी और ब्राजील के पूर्व दक्षिणपंथी राष्ट्रपति जाइर बोल्सोनारो के खिलाफ कथित ÷राजनीतिक साजिश÷ से जोड़ा था। हालांकि कुछ उत्पाद जैसे संतरे का रस और विमान पर कम शुल्क लगाया गया।

## अमेरिका में मौसम की मार, तूफान से एक की मौत; जेल से फरार हुए सैंकड़ों कैदी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्वी नेब्रास्का में आए तेज तूफान ने एक महिला की जान ले ली और एक अन्य व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि जेल के क्षतिग्रस्त होने से सैकड़ों कैदी भाग गए, जिनकी तलाश की जा रही है। नेब्रास्का के साथ ही कई अन्य राज्य भी खराब मौसम का सामना कर रहे हैं। अग्निशमन विभाग ने बताया कि नेब्रास्का के टू रिवर्स पार्क में एक गाड़ी पर पेड़ गिर गया। जिससे गाड़ी में सवार महिला की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। घायल को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**जेल टूटने से फरार हुए कैदी**

तूफान के दौरान 129 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा रफ्तार की हवाएं चलीं। जिससे जगह-जगह पेड़ उखड़ गए। घरों की छतें क्षतिग्रस्त हो गईं और कई जगह बिजली के तार टूट गए, जिससे बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। नेब्रास्का की राजधानी लिंकन में तूफान के चलते राज्य जेल की दो आवास इकाइयां क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे 387 कैदी फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि फरार कैदियों का पता लगा लिया गया है और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि शनिवार को पूर्वी विस्कॉन्सिन के कुछ हिस्सों में भी तेज तूफान आया, जिससे राज्य के डोर प्रायद्वीप में 97 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं।

## दक्षिणी लेबनान में विस्फोट में छह सैनिकों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक बारूदी सुरंग हटाने के अभियान के दौरान इज़रायली गोला-बारूद में विस्फोट होने से छह सैनिकों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हुए हैं। एक सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को यह विस्फोट उस समय हुआ जब सेना की एक इकाई टायर की जेबक़ीन घाटी में एक हथियार डिपो का निरीक्षण कर रही थी और उसमें मौजूद सामग्री को नष्ट कर रही थी।रूस न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। यह घटना लेबनान



सरकार द्वारा हिज़्बुल्लाह को निरस्त्र करने की अमेरिका समर्थित योजना को मंज़ूरी देने के कुछ दिनों बाद हुयी है। प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि लेबनान 'अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का पालन करते हुए' मारे गए सैनिकों के लिए शोक व्यक्त करता है।

# जेलेंस्की ने रूस के साथ क्षेत्रीय अदला-बदली पर ट्रंप के प्रस्ताव को खारिज किया

**एजेंसी**

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने साफ कहा है कि उनका देश किसी भी हाल में रूस को अपनी जमीन नहीं देगा। यह बयान उन्होंने तब दिया, जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध खत्म करने के लिए ÷इलाकों की अदला-बदली का सुझाव दिया था। जेलेंस्की ने इस सुझाव को दृढ़ता से खारिज कर दिया है। जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन कभी भी कब्जा करने वाले को अपनी जमीन नहीं देगा। हम रूस को उसके किए का कोई इनाम नहीं देंगे। जेलेंस्की ने वास्तविक और स्थायी शांति की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए कहा कि लक्ष्य हत्याओं पर विराम नहीं, बल्कि तत्काल एक वास्तविक और स्थायी शांति है। यह बयान उस समय आया जब यूक्रेन और यूरोप के शीर्ष अधिकारी, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस से इंग्लैंड के केंट शहर में मिले। इस बैठक में युद्ध खत्म



करने के कूटनीतिक रास्तों पर चर्चा हुई। इस बैठक में यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, फनिलैंड और पोलैंड सहित प्रमुख यूरोपीय देशों के प्रतिनिधि शामिल थे। जेलेंस्की ने बैठक को सकारात्मक बताया और उम्मीद जताई कि पश्चिमी देशों का समर्थन आगे भी मिलेगा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि फरवरी से अब तक ट्रंप प्रशासन की हर युद्धविराम पहल को यूक्रेन ने समर्थन दिया है, और आगे कहा, मैंने किसी भी सहयोगी को युद्ध समाप्त करने की अमेरिका की क्षमता पर संदेह व्यक्त करते नहीं सुना है। जेलेंस्की ने ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 15 अगस्त को अलास्का में होने वाली प्रस्तावित बैठक की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा, ÷यूक्रेन की भागीदारी के बिना लिया गया कोई भी फैसला बेकार है और कभी काम नहीं करेगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इस मुलाकात की पुष्टि की और बताया कि यह अगले अलास्का में होगी। रूसी एजेंसी 'तास' ने भी क्रेमलिन के एक अधिकारी के हवाले से इसकी पुष्टि की। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि सुरक्षा कारणों से बैठक में देरी हुई। उन्होंने आगे कहा कि दोनों देशों की बेहतरी के लिए कुछ क्षेत्रों की अदला-बदली पर चर्चा की जाएगी, हालांकि उन्होंने प्रस्ताव की बारीकियों के बारे में विस्तार से नहीं बताया।

## संयुक्त राष्ट्र ने गाजा पर नियंत्रण के इजराइल के फैसले पर चिंता जताई

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा पर पूर्ण कब्जे (नियंत्रण) के इजराइल के फैसले पर चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता के बयान के अनुसार, इजराइल के गाजा शहर पर नियंत्रण करने से लाखों फिलिस्तीनियों पर विनाशकारी परिणाम और भी गंभीर हो सकते हैं।

साथ ही शेष बंधकों समेत और भी लोगों के जीवन को खतरा हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस ने कहा कि इजराइल का यह फैसला खतरनाक उग्रता का प्रतीक है। महासचिव ने चेतावनी दी है कि इससे जबरिया विस्थापन बढ़ेगा। खूनखराबा और बड़े पैमाने पर विनाश होगा। इसलिए गाजा में फिलिस्तीनी आबादी की अकल्पनीय पीड़ा और बढ़ जाएगी। उन्होंने स्थायी युद्धविराम, गाजा में निर्बाध मानवीय पहुंच और सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की अपनी अपील दुहराई। उन्होंने इजराइल से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने याद दिलाया कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने 19 जुलाई 2024 को अपनी सलाह में कहा था कि इजराइल का दायित्व है कि वह सभी नई बस्तियां बसाने की गतिविधियों को तुरंत रोके। साथ ही कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में अपनी अवैध उपस्थिति को यथाशीघ्र समाप्त करे। गुटेरेस ने कहा कि इसके बिना इस संघर्ष का स्थायी समाधान नहीं होगा। गाजा फिलिस्तीनी राज्य का अभिन्न अंग है और उसे बना रहना चाहिए।

## ट्रंप ने पेंटागन को ड्रग कार्टेल के खिलाफ सैन्य बल के इस्तेमाल के विकल्प तैयार करने का निर्देश दिया

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने पेंटागन को आतंकवादी संगठन घोषित ड्रग कार्टेल के खिलाफ अमेरिकी सैन्य बल के संभावित इस्तेमाल के विकल्प तैयार करने का निर्देश दिया है। दो अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार को को इसकी पुष्टि की। राष्ट्रपति ट्रंप के जनवरी में हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश के बाद फरवरी में ट्रेन डे अरागुआ, सिनालोआ कार्टेल, एमएस-13 और अन्य ड्रग कार्टेल को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था। एबीसी न्यूज के अनुसार, ट्रंप के निर्देश की पुष्टि करने वाले दो अधिकारियों में से एक ने कहा कि अमेरिकी सैन्य संसाधनों का कोई भी संभावित इस्तेमाल निकट भविष्य में होने की संभावना नहीं है। ऐसे अभियान की वैधता पर सवाल उठना भी निश्चित है। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, ट्रंप ने पेंटागन को कार्टेल के खिलाफ सैन्य विकल्प तैयार करने का आदेश देने वाले एक निर्देश पर हस्ताक्षर किए हैं। राष्ट्रपति



के निर्देश पर विचार करने के बाद पेंटागन ने अपनी राय व्हाइट हाउस को भेज दी है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया, राष्ट्रपति ट्रंप की सर्वोच्च प्राथमिकता मातृभूमि की रक्षा करना है। यही वजह है कि उन्होंने कई कार्टेल को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करने का साहसिक कदम उठाया। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने शुक्रवार को कहा, अमेरिका सेना के साथ मेक्सिको नहीं आएगा। हम सहयोग और समन्वय जरूर करते हैं, लेकिन आक्रमण नहीं होने देंगे। अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति का यह कदम प्रशासन को उन कार्टेलों के खिलाफ विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल करने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे संगठनों को सशस्त्र आतंकवादी संगठनों जैसा मानने का वक्त आ गया है। ट्रंप के पेंटागन को दिए गए इस निर्देश के संबंध में 2011 से 2021 तक विदेश विभाग में अटॉर्नी-सलाहकार रहे ब्रायन फिनुकेन ने कहा, कानून के अनुसार, विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करना बल प्रयोग का अधिकार नहीं है। इस पर अमेरिकी सरकार के भीतर कुछ भ्रम हैं। ऐसा करना कानूनी रूप से काफी जटिल है।

# केन्या में बस खाई में गिरी, 10 महिलाओं समेत 26 की मौत

**एजेंसी**

**नैरोबी (केन्या)।** दक्षिण-पश्चिमी केन्या में अपने परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल शोक संतप्त लोगों को घर ले जा रही एक स्कूल की बस के खाई में गिर जाने से 26 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा 08 अगस्त को किसुमु में कॉप्टिक गोल चक्कर के पास हुआ। केन्या के अखबार द स्टार के अनुसार, होमा बे की गवर्नर ग्लेडिस वांगा ने किसुमु बस हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। एक बयान में वांगा ने कहा कि इस दुर्घटना में 12 पुरुषों, 10 महिलाओं और एक बच्चे की मौके पर मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से तीन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। गवर्नर वांगा ने किसुमु के राज्यपाल प्रोफेसर पीटर आन्यांग न्योंगो के साथ एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने कहा, हालांकि यह त्रासदी होमा बे




में नहीं हुई, लेकिन दुख की कोई सीमा नहीं होती। हम सब इस दुख में एक हैं। इस बीच राष्ट्रीय सरकार ने दुर्घटना में जीवित बचे 26 लोगों के लिए चिकित्सा देखभाल बढ़ाने का कदम उठाया है। चिकित्सा सेवा विभाग की प्रमुख सचिव ओउमा ओलुगा ने कहा कि किसुमु शहर में अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को जरामोगी ओगिंगा ओडिंगा शिक्षण एवं रेफरल अस्पताल के प्रयासों में सहयोग के लिए तैयार किया गया है।

## लंदन में फिलिस्तीन कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 150 से अधिक लोगों को मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी**

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में फिलिस्तीन एक्शन से जुड़े अब तक के सबसे बड़े प्रदर्शन के दौरान मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने 150 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई उस समय हुई जब इस संगठन को हाल ही में ब्रिटिश सरकार ने आतंकी संगठन घोषित किया है। दोपहर (स्थानीय समयानुसार), संसद भवन के सामने पार्लियामेंट स्क्वायर में 'डिफेंड आवर ज्यूरिज़' नामक समूह के आह्वान पर सैकड़ों लोग जुटे। प्रदर्शनकारियों ने बैनर और पोस्टर के जरिए फिलिस्तीन एक्शन के समर्थन के संदेश प्रदर्शित किए, जबकि पुलिस ने पहले ही चेतावनी दी थी कि ऐसे किसी भी कदम को आतंकवाद निरोधक कानून के तहत अपराध माना जाएगा। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध फिलिस्तीन या उसके अधिकारों पर विरोध-प्रदर्शन की



स्वतंत्रता को प्रभावित नहीं करता, बल्कि यह केवल एक विशेष संगठन की गतिविधियों पर लागू है। मंत्रालय के अनुसार, शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतंत्र की नींव है और इसे सुरक्षित रखा जाएगा। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के डिप्टी असिस्टेंट कमिश्नर अडे अडेलकन ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को, जो प्रतिबंधित संगठन के समर्थन में पाया जाएगा, गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि आतंकवाद अधिनियम के तहत गिरफ्तारी भविष्य में यात्रा, रोजगार

> **यह कार्रवाई उस समय हुई जब इस संगठन को हाल ही में ब्रिटिश सरकार ने आतंकी संगठन घोषित किया है।**

और वित्तीय मामलों पर गंभीर असर डाल सकती है। आने वाले दिनों में लंदन में दो और रैलियां होंगी - एक फिलिस्तीन कोएलिशन द्वारा और दूसरी 'स्टॉप द हेट' नामक प्रो-इजराइल समूह द्वारा। दोनों मार्च क्रमशः रसेल स्क्वायर से व्हाइटहॉल और अन्य निर्धारित मार्गों पर आयोजित किए जाएंगे।

## आईएसपीआर का दावा-पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने दो दिन में 47 आतंकवादियों को मार गिराया

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सशस्त्र बलों की जनसंपर्क शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने दावा किया है कि सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान के झोब जिले में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पार घुसपैठ की कोशिश कर रहे 14 और आतंकवादियों को मार गिराया। इससे पहले सात और आठ अगस्त की रात सुरक्षा बलों ने 33 आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। डान अखबार की खबर के अनुसार, सुरक्षा बलों ने गुजरी रात को पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर स्थित सांबाजा के आसपास 14 आतंकवादियों का सफाया कर दिया। इनके पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किया गया है। आईएसपीआर की विज्ञप्ति के अनुसार दो दिन तक चले घुसपैठ विरोधी अभियान में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर 47 हो गई है। मारे गए आतंकवादियों का संबंध प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से है। डान के अनुसार, नवंबर 2022 में टीटीपी के सरकार के साथ युद्धविराम समाप्त करने के बाद से पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि आई है। इनसे पार पाना संघीय सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2025 में पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है। मुल्क में आतंकवादी हमलों में मरने वालों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 45 प्रतिशत बढ़कर 1,081 हो गई है।

# स्पेसएक्स कैप्सूल से चार अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित पृथ्वी पर लौटे

**वॉशिंगटन।** लगभग पांच महीने तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर वैज्ञानिक शोध करने के बाद चार सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय दल शनिवार, 9 अगस्त को सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौट आया। यह वापसी स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल के माध्यम से कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरने के साथ हुई। इस दल में अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ऐन मैकलेन और निकोल एयर्स, जापान के ताकुया ओनिशी और रूसी कॉस्मोनॉट किरील पेस्कोव शामिल रहे। यह नासा के कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के तहत आईएसएस के लिए 10वें दल परिवर्तन मिशन का समापन था, जिसे स्पेस शटल युग के बाद निजी कंपनियों के साथ साझेदारी में आगे बढ़ाया जा रहा है।ड्रैगन कैप्सूल 08 अगस्त को 2215 जीएमटी (भारत समयानुसार 9 अगस्त सुबह 6÷15 बजे) पर



आईएसएस से अलग हुआ और लगभग 17 घंटे की यात्रा के बाद पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया। विशाल पैराशूट के सहारे इसकी गति को नियंत्रित किया गया और समुद्र में उतरने के बाद स्पेसएक्स के जहाज ने इसे बरामद कर लिया। 'क्रू-10' नामक इस टीम ने अंतरिक्ष में पौधों की वृद्धि और गुरुत्वाकर्षण में कोशिकाओं की प्रतिक्रिया जैसे कई वैज्ञानिक प्रयोग किए। उनका मिशन मार्च में शुरू हुआ था, जिससे पहले से आईएसएस पर फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री अपने देश लौट सके।

उल्लेखनीय है कि जून 2024 में बोइंग स्टारलाइनर के पहले मानवयुक्त परीक्षण उड़ान पर गए बट्च विलमोर और सुनीता विलियम्स केवल आठ दिन के मिशन पर थे, लेकिन तकनीकी खामियों के कारण वे नौ महीने तक आईएसएस पर ही फंसे रहे। हाल ही में नासा ने घोषणा की कि 25 वर्षों की सेवा के बाद बट्च विलमोर ने सेवानिवृत्ति का निर्णय लिया है। इसी सप्ताह अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री जीना कार्डमैन और माइक फिन्के, जापान के किमिया युई और रूसी कॉस्मोनॉट ओलेग प्लेटोनोव एक नए छह महीने के मिशन के लिए आईएसएस पहुंचे हैं।

## पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण को भारत के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने से 4 अरब रुपये का घाटा

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण (पीएए) को भारत में पंजीकृत विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने के बाद से केवल दो महीने में 4.1 अरब रुपये का नुकसान हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी शुक्रवार को नेशनल असेम्बली को दी। मंत्रालय ने कहा कि यह घाटा 24 अप्रैल से 30 जून के मध्य हुआ।

डान अखबार की खबर के अनुसार, भारत ने 23 अप्रैल को सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। इस पर जवाबी कदम उठाते हुए पाकिस्तान ने 24 अप्रैल से भारत में पंजीकृत विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने की घोषणा की थी। संघीय सरकार के इस कदम से प्रतिदिन 100 से 150 भारतीय विमान प्रभावित हुए। इस वजह से पारगमन यातायात में लगभग 20 प्रतिशत की कमी आई। 2019 में



इसी तरह के प्रतिबंध लागू करने से अनुमानित 7.6 अरब रुपये के राजस्व की क्षति हुई थी। रक्षा मंत्रालय ने नेशनल असेम्बली को बताया कि संघीय सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाले ऐसे निर्णय, नोटिस टू एयरमैन (नोटम) के माध्यम से जारी किए जाते हैं। ऐसे फैसले नागरिकों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के साथ सैन्य योजना को अनुमति देने के लिए रणनीतिक और कूटनीतिक महत्व रखते हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि मुल्क की संप्रभुता के लिए इस तरह का आर्थिक नुकसान महत्व नहीं रखता। इसके अलावा, नोटम ए 0510/25 के अनुसार, इस्लामाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का परिचालन अपरिहार्य कारणों से 14 अगस्त तक प्रतिदिन दो घंटे (सुबह 11 बजे से एक बजे तक) के लिए बंद रहेगा। इससे लाहौर और उत्तरी क्षेत्रों की उड़ानें प्रभावित होंगी। हवाई क्षेत्र सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगा। इसका प्रभाव साफ दिखा। सैकड़ों यात्रियों को अपने कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा।

## ईरान ने अजरबैजान-आर्मेनिया शांति समझौते के तहत प्रस्तावित 'ट्रंप कॉरिडोर' को रोकने की धमकी दी

**एजेंसी**

**दुबई/मॉस्को।** ईरान ने चेतावनी दी कि वह कॉकस क्षेत्र में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल से बने प्रस्तावित परिवहन कॉरिडोर को रोक सकता है। यह कॉरिडोर अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच हुए हालिया क्षेत्रीय समझौते का हिस्सा है, जिसे क्षेत्र में एक रणनीतिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता के वरिष्ठ सलाहकार अली अकबर वेलायती ने कहा, यह कॉरिडोर ट्रंप की मिल्कियत नहीं बनेगा, बल्कि ट्रंप के भाड़े के सैनिकों का कब्रिस्तान बनेगा। उन्होंने दावा किया कि उत्तर-पश्चिमी ईरान में हाल ही में हुए सैन्य अभ्यास देश की तैयारी और संकल्प का संकेत हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने पहले इस समझौते का स्वागत किया था, लेकिन चेतावनी दी थी कि उसकी सीमाओं के पास किसी भी विदेशी हस्तक्षेप से क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को नुकसान हो सकता है। अजरबैजान के राजदूत एलिन सुलेमानोव ने कहा, दुश्मनी का अध्याय खत्म हो चुका है, अब हम स्थायी शांति की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह समझौता क्षेत्र की समृद्धि और परिवहन नेटवर्क को बदल देगा। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अंतिम शांति समझौता तभी होगा जब आर्मेनिया अपने संविधान से नागोर्नो-काराबाख़ पर दावे का उल्लेख हटाएगा।

# अमेरिका ने पाकिस्तान को दिखाई उसकी औकात, अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का इस्लामाबाद दौरा रोका

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी हैसियत का अहसास कराया है और अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा रोक दी है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा तालिबान के नेताओं पर लगाए गए यात्रा प्रतिबंध में छूट को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। जिसके चलते अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को अपनी पाकिस्तान यात्रा टालनी पड़ी। इसके साथ ही अमेरिका ने दिखा दिया है कि भले ही वह दुनिया को दिखाए कि पाकिस्तान उसका सहयोगी देश है, लेकिन असल में अमेरिका, पाकिस्तान पर अपनी दादागिरी चलाता है और उसकी विदेश नीति को नियंत्रित करता है।

**पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संबंध सुधारने की कवायद को लगा झटका**

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का



पाकिस्तान दौरा 4 अगस्त को प्रस्तावित था। यह दौरा अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत हो रहा था। इससे पहले पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार काबुल दौरे पर गए थे। इशाक डार के पाकिस्तान दौरे की व्यवस्था चीन ने की थी, उस दौरे पर ही अफगानिस्तानी विदेश मंत्री के पाकिस्तान दौरे पर सहमति बनी थी, लेकिन पाकिस्तान और चीन की इस पूरी कवायद पर अमेरिका ने पानी फेर दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्ताव 1988 के तहत गठित समिति तालिबान से जुड़े लोगों की यात्रा, संपत्ति और हथियार प्रतिबंधों की निगरानी करती है। तालिबानी नेताओं को अफगानिस्तान से बाहर जाने के लिए यूएनएससी से यात्रा प्रतिबंध में छूट की जरूरत होती है।

**चीन के अफगानिस्तान में बढ़ते दबदबे से अमेरिका परेशान**

पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि वाशिंगटन ने अपने फैसले को आखिरी समय तक टाला और आखिरकार छूट देने से इनकार कर दिया, जिससे यात्रा रद्द हो गई। माना जा रहा है कि तालिबान सरकार की चीन के साथ बढ़ती नजदीकियों से परेशान होकर अमेरिका ने यह फैसला किया। अमेरिका नहीं चाहता कि अफगानिस्तान में चीन का दबदबा बढ़े। हालांकि पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इन खबरों को महज अफवाह बताया, लेकिन अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की यात्रा रद्द होने की कोई ठोस वजह भी नहीं बताई।